

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणा:–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

भावत्रिभंगी

ग्रन्थकार
परम पूज्य मुनिप्रवरश्री श्रुतमुनि जी महाराज

अनुवादक
ब्र. विनोदकुमार जी
ब्र. अनिलकुमार जी

प्रकाशक
गंगवाल धार्मिक ट्रस्ट नयापारा-रायपुर (नयापारा)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

आचार्य श्री श्रुतमुनि विरचित

भाव त्रिभङ्गी

अनुवाद/संपादन

ब्र. विनोद कुमार जैन, शास्त्री
श्री वर्णी दिग. जैन गुरुकुल
पिसनहारी मढ़ियाजी
जबलपुर

ब्र. अनिल कुमार जैन, शास्त्री
श्री वर्णी दिग. जैन गुरुकुल
पिसनहारी मढ़िया जी
जबलपुर

प्रकाशक
गंगवाल धार्मिक ट्रस्ट
नयापारा, रायपुर (म.प्र.)

सम्पादकीय

पपौरा जी सरस्वती भवन के अवलोकन के दौरान "भाव संग्रहादि" नामक ग्रन्थ प्राप्त हुआ था। भाव त्रिभङ्गी आचार्य श्री श्रुतमुनि द्वारा विरचित उसी के पृष्ठ भाग में प्रकाशित हुई है। ग्रंथ का पूर्ण अवलोकन करने के उपरान्त ऐसा अहसास हुआ कि यह ग्रंथ मोक्ष साधकों के लिए अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। संयोग से आर्यिका दृढ़मती माताजी का वर्षाकाल मढ़िया जी में हो रहा था। माताजी को यह ग्रंथ दिखाया माताजी को यह ग्रंथ अत्यधिक उपयोगी प्रतीत हुआ हम लोगों ने ग्रन्थ की उपयोगिता जानकर ग्रंथ का अनुवाद करना प्रारम्भ कर दिया। अनुवाद पूर्ण होने पर पूज्य आर्यिका श्री दृढ़मति माताजी से मूलानुगामी अन्वयार्थ के साथ संदृष्टियों को स्पष्टीकरणार्थ हम लोगों ने समय चाहा। माताजी से प्रातःकाल का समय मिल गया। माताजी द्वारा अन्वयार्थ, संदृष्टियाँ तथा आवश्यक भावार्थ एक बार सरसरी दृष्टि से अवलोकन कर लिये गये। हम लोगों को आन्तरिक संतुष्टि हुई। ग्रंथ पूर्ण होने उपरान्त व्यवस्थित कम्प्यूटर कम्पोजिंग के लिए दे दिया गया। कुछ दिनों के पश्चात् यह ज्ञात हुआ कि आर्यिका रत्न श्री ज्ञानमति माताजी द्वारा इस ग्रन्थ का अनुवाद, पूर्व में किया जा चुका है तथा वह दि. जैन त्रिलोक शोधसंस्थान, मेरठ से प्रकाशित भी हुआ है। प्रयास करने पर माताजी द्वारा अनुवादित प्रति भी उपलब्ध हो गई। माताजी की प्रति मुख्यता से प्रबुद्ध साधकों के लिए उपयोगी जान पड़ी किन्तु संदृष्टियों का विशेष खुलासा होने की दृष्टि से हम लोगों ने जो कार्य किया था वह उपयोगी जान पड़ा। अतः इसके प्रकाशन का विचार किया फलतः यह कृति आपके सम्मुख है। इस प्रकार ग्रंथ का प्रकाशन संभव हो रहा है। फिर भी कुछ त्रुटियाँ संभव हैं - आशा है कि विवक्षित - विषयज्ञ त्रुटियों की जानकारी अवश्य ही प्रेषित करेंगे।

ग्रन्थ में प्रतिपाद्य विषय - आचार्य श्री श्रुतमुनि ने पंचपरमेष्ठी को नमस्कार कर, स्वरूप की सिद्धि के लिए भव्य जीवों को सूत्रकथित मूलोत्तर भावों का स्वरूप प्रतिपादन करूँगा ऐसी, प्रतिज्ञा कर, भावों के भेद-प्रभेदों

का उल्लेख कर, गुणस्थानों और मार्गणाओं में संभव भावों का क्रमशः निरूपण किया है। ग्रन्थ के अन्त में संदृष्टियाँ प्रस्तुत की है। उन संदृष्टियों में प्रथम विवक्षित गुणस्थान अथवा मार्गणा में होने वाली भाव व्युच्छित्ति, पश्चात् भाव सद्भाव और अंत में जभाव स्वरूप भावों का कथन किया है।

ग्रन्थ में विशेषताएँ - प्रायः ग्रंथकार ग्रंथ के आदि में मंगलाचरण करते हैं अथवा आदि और अंत में करते हैं किन्तु श्री श्रुतमुनि ने ग्रंथ में तीन बार आदि, मध्य और अंत में मंगलाचरण प्रस्तुत किया है। भावों का स्वरूप बतलाते हुए गाथा 22 में क्षयोपशम भाव की परिभाषा करते हुये कहा है कि -

"उदयो जीवस्स गुणो खवओवसमिओ ह्वे भावो ॥22॥

अर्थात् जीव के गुणों का उदय क्षयोपशम भाव है। क्षयोपशम भाव की यह परिभाषा शब्द संजोयना की अपेक्षा से नवीनता प्रकट करती है ठीक इसी प्रकार औदयिक भाव की परिभाषा कायम करते हुये कहा है -

"कम्मुदयजकम्मुगुणो ओदयियो होदि भावो हु" ॥23॥

अर्थात् - कर्मों के उदय से उत्पन्न होने वाले कर्मगुण - औदयिक कहलाते हैं।

यह परिभाषा शब्द-संयोजना अपेक्षा विशिष्टता रखती है।

श्री श्रुतमुनि ने औपशमिक चारित्र का सद्भाव 11 वें गुणस्थान में, क्षायिक चारित्र का अस्तित्व 12 वें गुणस्थान से 14वें गुणस्थान तक तथा सराग चारित्र को 6-10 तक स्वीकार किया है। कर्मकाण्ड ग्रंथराज में भावों का कथन गुणस्थानों में विवेचित किया गया किन्तु मार्गणाओं में 53 भावों की संयोजना करने वाला यह एक मात्र अनुपम ग्रंथ है।

ग्रन्थ में विचारणीय बिन्दु -

● मिश्रगुणस्थान में आचार्य श्री ने अवधिदर्शन का सद्भाव स्वीकार किया है। जबकि धवलाकार ने मिश्र गुणस्थान में चक्षु, अचक्षु दर्शन का ही उल्लेख किया है। तथा अन्य कर्म ग्रन्थों में भी दो दर्शनों का सद्भाव देखने को मिलता है।

● वैक्रियिक मिश्र काययोग में चतुर्थ गुणस्थान में स्त्रीलिंग को स्वीकार किया गया क्योंकि यहाँ 32 भावों का सद्भाव कहा गया है। वैक्रियिक मिश्रकाय योग चतुर्थ गुणस्थान में स्त्रीलिंग का सद्भाव यह विचारणीय विषय है।

● आहारक काययोग और आहारक मिश्र काययोग की संदृष्टि में 6

भावों की व्युच्छित्ति दर्शायी गयी है। 6 भावों की व्युच्छित्ति किस प्रकार संभव है यह विचारणीय है।

● गाथा 64 में भावस्त्री में सरागचारित्र और क्षायिक सम्यक्त्व का निषेध आपत्तिजनक है।

● क्रोध, मान, माया की संदृष्टि में सद्भाव स्वरूप 40 भाव वर्णित किये गये हैं जबकि वहाँ पर 41 भावों का सद्भाव पाया जाता है।

● भव्य मार्गणा में सभी भावों का सद्भाव गाथा 107 में बतलाया है। जबकि वहाँ पर अभव्य भाव कैसे संभव यह विचारणीय है ? तथा ठीक उसी प्रकार अभव्य में मिथ्यादर्शन गुणस्थान में 34 भावों का सद्भाव स्वीकार किया है जबकि यहाँ भव्यत्व भाव को कम करके 33 भाव ही संभव हैं।

● आहार मार्गणा के अनाहारक संदृष्टि में 1, 2, 4, 13 ये चार गुणस्थान स्वीकार किये हैं जबकि वहाँ 1, 2, 4, 13, 14, इन पाँच गुणस्थानों का सद्भाव पाया जाता है।

इस ग्रन्थ पर कार्य करना गुरुओं की कृपा से संभव हो सका है। पूजनीया आर्यिका श्री दृढ़मती जी सिद्धान्तज्ञ, सरल, उदार होने के साथ-साथ अभीक्ष्णज्ञानोपयोगी है। आपके जीवन का प्रत्येक क्षण श्रुताराधना में व्यतीत होता है। आपके आशीष से हम लोग भी यही कामना करते हैं कि हम लोगों का समय भी श्रुताराधना में व्यतीत हो।

इस ग्रन्थ के संपादन कार्य में वर्णी गुरुकुल के संचालक श्री ब्र. जिनेश जी का अत्यधिक सहयोग रहा है। जब जिस सामग्री की आवश्यकता पड़ी वह समय पर प्राप्त हो गई। हम दोनों आपका अत्यधिक आभार व्यक्त करते हैं।

आशा है कि विद्वत्जन के साथ-साथ सामान्य जन लोग इस कृति से लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

विजय दशमी — ब्र. विनोद जैन

20.10.99 — ब्र. अनिल जैन

विषयानुक्रमणिका

क्र.	विषय	गाथा सं.	पृष्ठ सं.
1.	मंगलाचरण एवं प्रतिज्ञा वचन	1-2	1
2.	मतिज्ञानादि भावों की उत्पत्ति व्यवस्था	3-20	2-10
3.	भावों के मूल व उत्तर भेद	21-28	10-12
4.	चौदह गुणस्थानों में मूलभाव	29-33	13-15
5.	मिथ्यात्व गुणस्थान में चौंतीस भाव	34	15
6.	चौदह गुणस्थानों में भाव व्युच्छित्ति	35-41	16-20
7.	गुणस्थानों में सद्भाव रूप भाव	42	20-21
8.	गुणस्थानों में अभाव भावों का कथन	43	21
9.	चौदह गुणस्थानों में भाव त्रिभङ्गी एवं संदृष्टि (1)		22-29
10.	मध्य मङ्गलाचरण व प्रतिज्ञा वचन	44	29
11.	तीन सम्यक्त्वों का सद्भाव	45-48	30-32
12.	नरकगति में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (2-11)	49-52	32-35 35-45
13.	तिर्यंचगति में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (12-18)	53-60	45-57 46-58
14.	मनुष्यगति में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (19-27)	61-70	58-74 59-74
15.	देवगति में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (28-42)	71-77	74-86 76-86
16.	इन्द्रिय एवं काय मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (43-47)	78-80	87-88 87-90
17.	योग मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (48-55)	80-89	88-102 91-103
18.	वेद मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (56-58)	90-91	104 104-107
19.	कषाय मार्गणा एवं अज्ञानत्रय में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (59-61)	92-93	107-108 108-111

20. ज्ञान मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (62-64)	94-97	111-115 112-116
21. संयम मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (65-70)	98-102	116-120 117-121
22. दर्शन मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (71-73)	103-104	122 122-125
23. लेश्या मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (74-76)	105-106	125-127 126-129
24. भव्य एवं सम्यक्त्व मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (77-84)	107-109	129-132 131-137
25. संज्ञी मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (85-86)	110-111	133 139-141
26. आहारक मार्गणा में भाव त्रिभङ्गी व्यवस्था एवं संदृष्टि याँ (87-88)	112-114	140 141-142
27. अंतिम मङ्गलाचरण एवं लघुता प्रदर्शन	115-116	143-144

भाव

"भावो णाम दव्व परिणामो" द्रव्य के परिणाम को भाव कहते हैं। जीव द्रव्य में पाँच मुख्य भाव पाये जाते हैं। औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, औदयिक और पारिणामिक। ये पाँचों भाव जीव के स्वतत्त्व और असाधारण भाव कहे गये हैं। कारण है कि ये भाव जीव के अलावा अन्य द्रव्यों में नहीं देखे जाते हैं। इन भावों के भेद - प्रभेद तथा गुणस्थानों में इनका सद्भाव निम्न प्रकार से है -

क्र. भाव	गुणस्थान	क्र. भाव	गुणस्थान
1. औपशमिक भाव 2 भेद		27. क्षायो. सम्यक्त्व	4-12
1. औपशमिक सम्यक्त्व	4-11	28. क्षायो. चारित्र (स.चा.)	6-10
2. औपशमिक चारित्र	11	29. संयमासंयम	5
2. क्षायिक भाव 9 भेद		**4. औदयिक भाव 21 भेद**	
3. क्षायिक ज्ञान	13-14	30. नरकगति	1-4
4. क्षायिक दर्शन	13-14	31. तिर्यंचगति	1-5
5. क्षायिक दान	13-14	32. मनुष्यगति	1-14
6. क्षायिक लाभ	13-14	33. देवगति	1-4
7. क्षायिक भोग	13-14	34. क्रोध कषाय	1-9
8. क्षायिक उपभोग	13-14	35. मान कषाय	1-9
9. क्षायिक वीर्य	13-14	36. माया कषाय	1-9
10. क्षायिक सम्यक्त्व	4-14	37. लोभ कषाय	1-10
11. क्षायिक चारित्र	12-14	38. स्त्रीवेद	1-9
3. क्षायोपशमिक भाव 18 भेद		39. पुरुष वेद	1-9
12. मति ज्ञान	4-12	40. नपुंसक वेद	1-9
13. श्रुत ज्ञान	4-12	41. मिथ्यात्व	1
14. अवधि ज्ञान	4-12	42. अज्ञान	1-12
15. मनःपर्यय ज्ञान	4-12	43 असंयम	1-4
16. कुमति ज्ञान	1-2	44. असिद्धत्व	1-14
17. कुश्रुत ज्ञान	1-2	45. कृष्ण लेश्या	1-4
18. कुअवधि ज्ञान	1-2	46. नील लेश्या	1-4
19. चक्षु दर्शन	1-12	47. कापोत लेश्या	1-4
20. अचक्षु दर्शन	1-12	48. पीत लेश्या	1-7
21. अवधि दर्शन	4-12	49. पद्म लेश्या	1-7
22 क्षायो. दान	1-12	50. शुक्ल लेश्या	1-13
23. क्षायो. लाभ	1-12	**5. पारिणामिक भाव 3 भेद**	
24. क्षायो. भोग	1-12	51. जीवत्व	1-14
25. क्षायो. उपभोग	1-12	52. भव्यत्व	1-14
26. क्षायो. वीर्य	1-12	53. अभव्यत्व	1

श्री-श्रुतमुनि-विरचिता

भाव-त्रिभङ्गी

भावसंग्रहापरनामा।

(संदृष्टि-सहिता)

खविदघणघाइकम्मे अरहंते सुविदिदत्थणिवहे य।
सिद्धट्ठ गुणे सिद्धे रयणत्तयसाहगे थुवे साहू ॥1॥

क्षपितघनघातिकर्मणोऽर्हतः सुविदितार्थनिवहांश्च ।
सिद्धाष्टगुणान् सिद्धान् रत्नत्रयसाधकान् स्तौमि साधून् ॥

अन्वयार्थ :- (**खविदघणघाइकम्मे**) घातिया कर्मों के समूह को जिन्होंने नष्ट कर दिया है (**य**) और (**सुविदिदत्थणिवहे**) पदार्थों के समूह को अच्छी तरह जान लिया है ऐसे (**अरहंते**) अरहंतों की (**सिद्धट्ठ गुणे**) प्राप्त किया है आठ गुणों को जिन्होंने ऐसे (**सिद्धे**) सिद्धों की (**रयणत्तयसाहगे**) रत्नत्रय के साधक (**साहू**) साधुओं की (**थुवे**) मैं स्तुति करता हूँ अर्थात् उनकी वंदना करता हूँ।

इदि वंदिय पंचगुरु सरुवसिद्धत्थ भवियबोहत्थं।
सुत्तुत्तं मूलुत्तरभावसरूवं पवक्खामि ॥2॥

इति वन्दित्वा पंचगुरून् स्वरूपसिद्धार्थं भविकबोधार्थं।
सूत्रोक्तं मूलोत्तरभावस्वरूपं प्रवक्ष्यामि ॥

अन्वयार्थ :- (**इदि**) इस प्रकार (**पंचगुरू**) पंच परमेष्ठियों को (**वंदिय**) नमस्कार करके (**सरूवसिद्धत्थ**) स्वरूप की सिद्धि के लिए और (**भवियबोहत्थं**) भव्य जीवों के ज्ञान के लिए (**सुत्तुत्तं**) सूत्र में कहे गये (**मूलुत्तरभावसरूवं**) मूल उत्तर भावों के स्वरूप को (**पवक्खामि**) कहूँगा।

भावार्थ :- इस गाथा का प्रथम पद "इदि पंचगुरू वंदिय" पूर्व की मङ्गलाचरण रूप गाथा सूत्र से सम्बन्ध रखता है पश्चात् आचार्य महाराज ने ग्रंथ करने के हेतुका प्रतिपादन किया है कहा है कि मैं जो भावों के स्वरूप का कथन करूंगा। वह निज शुद्धात्मा के स्वरूप सिद्धि में तथा जो भव्य मोक्षेच्छुक है- उन्हें भावों के यथार्थ स्वरूप के बोध में कारण होगा तथा

गाथा में आये "सुत्तुत्तं" पद से दो अर्थ ग्रहण करना चाहिये। सूत्रात्मक ग्रंथों में कथित अथवा तत्त्वार्थ सूत्र में निरूपित मूल और उत्तर भावों के स्वरूप का निरूपण करूँगा। मूल भावों से मुख्य तथा उत्तर भावों से मूल के प्रभेदों का ग्रहण करना चाहिये।

विशेष :- भाव किन्हें कहते है ?

पदार्थों के परिणाम को भाव कहते हैं। भाव नाम जीव के परिणाम का है, जो कि तीव्र मंद, निर्जरा भाव आदि के रूप से अनेक प्रकार का है।

द्रव्य के परिणाम को अथवा पूर्वापर कोटि के व्यतिरिक्ति वर्तमान पर्याय से उपलक्षित द्रव्य को भाव कहते है।

आचार्य महाराज ने जो यह कहा है कि भावों की प्ररूपणा स्वरूप सिद्धि में सहायक है इस सन्दर्भ में पण्डित टोडरमल जी ने करणानुयोग की उपयोगिता तथा करणानुयोग कैसे कर्म निर्जरा में कारण है इस में विषय कहा है कि- जो जीव धर्म विषैं उपयोग लगाय चाहैं---- ऐसे विचार विषैं (अर्थात् करणानुपयोग विषय उनका) उपयोग रमि जाय, तब पाप प्रवृत्ति छूट स्वयमेव तत्काल धर्म उपजै है। तिस अभ्यास करि तत्त्वज्ञान की प्राप्ति शीघ्र हो है। बहुरि ऐसा सूक्ष्म कथन जिनमत विषैं ही है, अन्यत्र नाहीं ऐसै महिमा जान जिनमत का श्रद्धानी हो है। बहुरि जे जीव तत्त्वज्ञानी होय इस करणानुयोग को अभ्यासै हैं तिनकौ यहु तिसका (तत्त्वनिका) विशेषरूप भासै है।

सूत्र किसे कहते हैं ?

जो थोड़े अक्षरों से संयुक्त हो, सन्देह से रहित हो, परमार्थ सहित हो, गूढ़ पदार्थों का निर्णय करने वाला हो, निर्दोष हो, युक्तियुक्त हो और यथार्थ हो उसे पण्डित जन सूत्र कहते हैं।

णाणावरणचउण्हं खओवसमदो हवंति चउणाणा।
पणणाणावरणीएखयदो दु हवेइ केवलं णाणं ॥3॥

ज्ञानावरणचतुर्णां क्षयोपशमतो भवन्ति चतुर्ज्ञानानि।
पंचज्ञानावरणीयक्षयतस्तु भवति केवलं ज्ञानं ॥

अन्वयार्थ :- (**णाणावरणचउण्हं**) चार ज्ञानावरणीय कर्मों के (**खओवसमदो**) क्षयोपशम से (**चउणाणा**) चार ज्ञान (**हवंति**) होते है (**पण्णाणावरणीएखयदो दु**) पांच ज्ञानावरणीय कर्मो के क्षय से (**केवलं**) केवल (**णाणं**) ज्ञान (**हवेइ**) होता है।

भावार्थ :- मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और मनःपर्यय ज्ञान क्रमशः मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण अवधिज्ञानावरण और मनः पर्ययज्ञानावरण के क्षयोपशम से होते है तथा पांचों ज्ञानावरणीय कर्मों की प्रकृतियों के क्षय से केवलज्ञान प्रकट होता है।

मिच्छत्तणउदयादो जीवाणं होदि कुमति कुसुदं च।
वेभंगो अण्णाणति सण्णाणतियेव णियमेण ॥4॥

मिथ्यात्वानोदयाज्जीवानां भवति कुमतिः कुश्रुतं च।
विभंगः अज्ञानत्रिकं सज्ज्ञानत्रिकमेव नियमेन॥

अन्वयार्थ :- (**मिच्छत्तणउदयादो**) मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषाय के उदय से (**जीवाणं**) जीवों के (**सण्णाणतियेव**) मति, श्रुत अवधि रूप तीनों ही सम्यग्ज्ञान (**णियमेण**) नियम से (**कुमतिकुसुदं**) कुमति कुश्रुत (**च**) और (**वेभंगो**) विभंगावधि नाम से (**अण्णाणति**) तीन अज्ञान रूप (**होदि**) हो जाते हैं।

भावार्थ :- ज्ञान में विपरीताभिनिवेश के दो कारण हैं, मिथ्यात्व और अनंतानुबंधी कषाय। इन दोनों के कारण ही सम्यग्ज्ञान मिथ्याज्ञान संज्ञा को प्राप्त होते है, अतः मिथ्यात्व और अनंतानुबंधी के उदय से जीव के कुमति, कुश्रुत और कुअवधि ये तीन अज्ञान होते है तथा मिथ्यात्व और अनंतानुबंधी कषाय के अभाव में तीनों ज्ञान सम्यक् संज्ञा को प्राप्त होते हैं - अर्थात् मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान कहलाते हैं।
पूर्व गाथा में सम्यग्ज्ञान की चर्चा की गई है मिथ्यात्व के निमित्त से तीनों (मति, श्रुत अवधि) को अज्ञानरूप संज्ञा दी गई है।

विशेष - जैनागम में अज्ञान शब्द का प्रयोग दो अर्थों में होता है - एक तो ज्ञान का अभाव या न्यूनता के अर्थ में और दूसरा मिथ्याज्ञान के अर्थ में। पहले वाले को औदयिक अज्ञान और दूसरे वाले को क्षायोपशमिक

अज्ञान कहते हैं।

दंसणवरणक्खयदो केवलदंसण सुणामभावो हु।
चक्खुद्दंसणपमुहावरणीयखओवसमदो य ॥5॥

दर्शनावरणक्षयतः केवलदर्शनं सुनामभावो हि ।
चक्षुर्दर्शनप्रमुखावरणीयक्षयोपशमतश्च ॥

चक्खुअचक्खूओहीदंसणभावा हवंति णियमेण।
पणविग्घक्खयजादा खाइयदाणादिपणभावा ॥6॥

चक्षुरचक्षुरवधिदर्शनभावा भवन्ति नियमेन ।
पंचविघ्नक्षयजाताः क्षायिकदानादिपंचभावाः ॥

अन्वयार्थ 5-6 (दंसणवरणक्खयदो) दर्शनावरणीय के क्षय से **(सुणामभावो)** सार्थक नामवाला **(केवलदंसण)** केवल दर्शन होता है **(य)** और **(चक्खुद्दंसणपमुहावरणीय)** चक्षु दर्शन है प्रथम जिसमें अर्थात् चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण और अवधिदर्शनावरण के **(खओवसमदो)** क्षयोपशम से **(णियमेण)** नियम से **(चक्खुअचक्खूओहीदंसणभावा)** चक्षु, अचक्षु और अवधि दर्शन ये तीन भाव होते हैं। **(पणविग्घक्खयजादा)** पाँच विघ्न अर्थात् अन्तराय कर्म के क्षय से **(खाइयदाणादिपणभावा)** क्षायिक दान आदि क्षायिक पाँच भाव प्रगट होते हैं।

विशेष - क्षायिक भाव किसे कहते हैं ?

कर्मों के क्षय होने पर उत्पन्न होने वाला भाव क्षायिक है, तथा कर्मों के क्षय के लिए उत्पन्न हुआ भाव क्षायिक है, ऐसी दो प्रकार की शब्द व्युत्पत्ति ग्रहण करना चाहिए।

खाओवसमियभावो दाणं लाहं च भोगमुवभोगं ।
वीरियमेदे णेया पणविग्घखओवसमजादा ॥ 7 ॥

क्षायोपशमिकभावो दानं लाभश्च भोग उपभोगः ।
वीर्यमेते ज्ञेया पंचविघ्नक्षयोपशमजाताः ॥

अन्वयार्थ 7- (पणविग्घखओवसम) पाँचों अन्तराय कर्मों के क्षयोपशम से **(खाओवसमियभावो)** क्षायोपशमिक भाव रूप **(दाणं)**

दान (लाहं) लाभ (भोगं) भोग (उवभोगं) उपभोग (च) और (वीरियं) वीर्य (एदे) ये पाँच क्षायोपशमिक भाव (जादा) होते है। ऐसा (णेया) जानना चाहिये।

दंसणमोहंति हवे मिच्छं मिस्सत्त सम्मपयडित्ती।
अणकोहादी एदा णिद्दिट्ठा सत्तपयडीओ ॥ 8 ॥

दर्शनमोहमिति भवेत् मिथ्यात्वं मिश्रत्वं सम्यक्त्वप्रकृतिरिति।
अनक्रोधादय एता निर्दिष्टाः सप्तकृतप्रकृतयः ॥

सतण्हं उवसमदो उवसमसम्मो खयादु खइयो य।
छक्कुवसमदो सम्मत्तुदयादो वेदगं सम्मं ॥ 9 ॥

सप्तानामुपशमत उपशमसम्यक्त्वं क्षयात्क्षायिकं च।
षट्कोपशमतः सम्यक्त्वोदयात् वेदकं सम्यक्त्वं ॥

अन्वयार्थ 8-9- (मिच्छं) मिथ्यात्व (मिस्सत्त) सम्यग्मिथ्यात्व (सम्मपयडित्ती) सम्यक्त्व प्रकृति ये तीन (**दंसणमोहंति**) दर्शन मोहनीय की और (**अणकोहादी**) अनन्तानुबन्धी क्रोधादि चार (**एदा**) ये (**सत्तपयडीओ**) सात प्रकृतियां (**णिद्दिट्ठा**) कही गई है। इन (**सतण्हं**) सात के (**उवसमदो**) उवसम से (**उवसमसम्मो**) उपशम सम्यक्त्व (**खयादु**) क्षय से (**खइयो**) क्षायिक सम्यक्त्व (**य**) और (**छक्कुवसमदो**) छह के उपशम एवं (**सम्मत्तुदयादो**) सम्यक्त्व प्रकृति के उदय से (**वेदगं**) वेदक (**सम्मं**) सम्यक्त्व (**हवे**) होता है।

भावार्थ - मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व प्रकृति तथा अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ इन सात प्रकृतियों के उपशम से उपशम सम्यक्त्व होता है इनही सात प्रकृतियों के क्षय से क्षायिक सम्यक्त्व तथा क्षयोपशम से क्षयोपशम सम्यग्दर्शन होता है।

चारित्तमोहणीए उवसमदो होदि उवसमं चरणं।
खयदो खइयं चरणं खओवसमदो सरागचारित्तं ॥10 ॥

चरित्रमोहनीयस्य उपशमतः भवत्युपशमं चरणं।
क्षयतः क्षायिकं चरणं क्षयोपशमतः सरागचारित्रं ॥

अन्वयार्थ 10- (**चारित्तमोहणीए**) चारित्र मोहनीय के (**उवसमदो**)

उपशम से **(उवसमं चरणं)** उपशम चारित्र **(खयदो खइयं)** क्षय से क्षायिक चारित्र **(खओवसमदो)** क्षयोमशम से **(सरागचारित्तं)** सराग चारित्र अर्थात् क्षायोपशमिक चारित्र **(होदि)** होता है।

भावार्थ - मोहनीय कर्म की 28 प्रकृतियाँ होती हैं। जिनमें से चारित्र मोहनीय की 21 प्रकृतियों अर्थात् अप्रत्याख्यान- क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रत्याख्यान - क्रोध, मान, माया, लोभ, संज्वलन- क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद तथा नपुंसक वेद इन प्रकृतियों के उपशम से उपशम चारित्र प्रगट होता है। यह चारित्र ग्यारहवें गुणस्थान अर्थात् उपशान्त मोह नामक गुणस्थान में पाया जाता है तथा चारित्र मोहनीय की 21 प्रकृतियों के क्षय से जो चारित्र प्रगट होता है उसे क्षायिक चारित्र कहते हैं यह चारित्र क्षीण मोह अर्थात् बारहवें गुणस्थान से प्रारंभ होकर अयोग केवली तथा सिद्धों के भी पाया जाता है। चारित्र मोहनीय की 21 प्रकृतियों के क्षयोपशम से सराग चारित्र अर्थात् क्षायोपशमिक चारित्र होता है यह चारित्र छटवें गुणस्थान से दसवें गुणस्थान तक पाया जाता है ऐसा आचार्य महाराज का अभिमत है।

आदिमकसायबारसखओवसम संजलणणोकसायाणं।
उदयेण (य) जं चरणं सरागचारित्त तं जाण ॥11॥

आदिमकषायद्वादशक्षयोपशमेन संज्वलननोकषायाणां।
उदयेन 'च' यच्चरणं सरागचारित्रं तज्जानीहि ॥

अन्वयार्थ - **(आदिमकसायबारसखओवसम)** आदि की बारह कषाय के क्षयोपशम से और **(संजलणणोकसायाणं)** संज्वलन कषाय और नव नोकषाय के उदय से **(जं चरणं)** जो चारित्र होता है **(तं)** उसको **(सरागचारित्त)** सरागचारित्र अर्थात् क्षायोपशमिक चारित्र **(जाण)** जानना चाहिए।

भावार्थ - अनंतानुबंधी अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान, क्रोध, मान, माया और लोभ इन बारह कषायों के क्षयोपशम तथा संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ और नव नो कषाय के उदय से तो चारित्र होता है उसको सराग चारित्र कहते हैं।

मज्झिमकसायअट्ठउवसमे हु संजलणणोकसायाणं।
खइउवसमदो होदि हु तं चेव सरागचारित्तं ॥ 12 ॥

मध्यमकषायाष्टोपशमे हि संज्वलननोकषायाणां ।
क्षयोपशमतो भवति हि तच्चैव सरागचारित्रं ॥

अन्वयार्थ - (**मज्झिमकसाय अट्ठउवसमे**) मध्य की आठ अर्थात् अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान क्रोध, मान, माया, लोभ कषायों का उपशम होने पर (**च**) तथा (**संजलणणोकसायाणं**) संज्वलन कषाय और नो नव कषायों के (**खइउवसमदो**) क्षयोपशम से जो चारित्र (**होदि**) होता है, (**तं एव**) वही (**सरागचारित्तं**) सरागचारित्र है।

जीवदि जीविस्सदि जो हि जीविदो बाहिरेहिं पाणेहिं ।
अब्भंतरेहिं णियमा सो जीवो तस्स परिणामो ॥ 13 ॥

जीवति जीविष्यति यो हि जीवितः बाह्यैः प्राणैः ।
अभ्यन्तरैः नियमात् स जीवस्तस्य परिणामः ॥

अन्वयार्थ - (**जो**) जो (**बाहिरेहिं**) इन्द्रिय, बल, आयु, श्वासोच्छवास रूप बाह्य तथा (**अब्भंतरेहिं**) ज्ञान दर्शन रूप अभ्यन्तर (**पाणेहिं**) प्राणों से (**जीवदि**) जीता है, (**जीविस्सदि**) जीवेगा और (**जीविदो**) जीता था (**सो णियमा**) वह नियम से (**जीवो**) जीव है (**तस्स**) उस जीव का (**परिणामो**) परिणाम जीवत्व भाव है।

भावार्थ - जो पाँच इन्द्रिय- स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र तीन बल- मनबल, वचन बल और काय बल, आयु और श्वासोच्छवास इन दस बाह्य प्राणों से तथा ज्ञान, दर्शन रूप अभ्यन्तर प्राणों से जीता है, जीता था तथा जीवेगा वह जीव है। अभ्यन्तर प्राण से तात्पर्य जीव का ज्ञान दर्शन रूप उपयोगात्मक परिणाम है। यहाँ पर "तस्स परिणामो" शब्द से जीव के पारिणामिक भावों में से जीव के जीवत्व भाव का ग्रहण किया गया है क्योंकि आगामी गाथा में भव्यत्व और अभव्यत्व के स्वरूप का कथन करते हुए दो पारिणामिक भाव कहे गये है अतः उपर्युक्त गाथा में तीसरे जीवत्व रूप पारिणामिक भाव को ग्रहण करना चाहिए।

रयणत्तयसिद्धीएऽणंतचउट्ठ यसरूवगो भविदुं ।
जुग्गो जीवो भव्वो तव्विवरीओ अभव्वो दु ॥ 14 ॥

रत्नत्रयसिद्धयाऽनन्तचतुष्ट यस्वरूपको भवितुं ।
योग्यो जीवो भव्यः तद्विपरीतोऽभव्यस्तु ॥

अन्वयार्थ 14- (रयणत्तय सिद्धीए) रत्नत्रय की सिद्धि से (अणंतचउट्ठ यसरूवगो) अनन्त चतुष्ट य स्वरूप (भविदुं जुग्गो) होने के योग्य (भव्वो) भव्य है (तव्विवरीओ) इसके विपरीत (जीवो) जीव (अभव्वो दु) अभव्य है।

भावार्थ - सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यग्चारित्र रूप रत्नत्रय की सिद्धि और अनन्त दर्शन, ज्ञान सुख तथा अनन्तवीर्य रूप अनन्त चतुष्ट य को प्राप्त करने की क्षमता वाला जीव भव्य है। जो सम्यग्दर्शन आदि गुणों की प्रगट करने की योग्यता से रहित है वह अभव्य है।

जीवाणं मिच्छु दया अणउदयादो अतच्चसद्धाणं ।
हवदि हु तं मिच्छत्तं अणंतसंसारकारणं जाणे ॥ 15 ॥

जीवानां मिथ्यात्वोदयादनोदयतोऽतत्त्वश्रद्धानं ।
भवति हि तन्मिथ्यात्वं अनंतसंसारकारणं जानीहि ॥

अन्वयार्थ - (जीवाणं) जीवों के (मिच्छु दया) मिथ्यात्व के उदय से और (अणउदयादो) अनन्तानुबंधी के उदय से जो (अतच्चसद्धाणं) अतत्त्व श्रद्धान (हवदि) होता है (तं) उस (मिच्छत्तं) मिथ्यात्व कहते हैं। (हु) निश्चय से (अणंतसंसारकारणं) उसको अनन्त संसार का कारण (जाणे) जानो।

अपच्चक्खाणुदयादो असंजमो पढमचऊगुणट्ठाणे ।
पच्चक्खाणुदयादो देसजमो होदि देसगुणे ॥ 16 ॥

अप्रत्याख्यानोदयात् असंयमः प्रथमचतुर्गुणस्थाने ।
प्रत्याख्यानोदयाद्देशयमो भवति देशगुणे ॥

अन्वयार्थ - (पढमचऊगुणट्ठाणे) प्रथम चार गुणस्थानों में (अपच्चक्खाणुदयादो) अप्रत्याख्यान के उदय से (असंजमो) असंयम होता है एवं (देसगुणे) देशविरत गुणस्थान में (पच्चक्खाणुदयादो)

प्रत्याख्यान के उदय से (देसजमो) देश संयम (होदि) होता है।

गदिणामुदयादो (चउ) गदिणामा वेदतिदयउदयादो।
लिंगत्तयभाव (मो) पुण कसायजोगप्पवित्तिदो लेस्सा॥ 17॥

गतिनामोदयात् गतिनामा वेदत्रिकोदयात् ।
लिंगत्रयभावः पुनः कषाययोगप्रवृत्तितो लेश्याः ॥

अन्वयार्थ - (गदिणामुदयादो) गतिनाम कर्म के उदय से (गदिणामा) नरक गति आदि चार गति होती है। (वेदतिदयउदयादो) तीन वेदों अर्थात् स्त्रीवेद, पुरुषवेद एवं नपुंसकवेद के उदय से (लिंगत्तयभाव) तीन लिंग रूप भाव होते हैं (पुण) तथा (कसाय जोगप्पवित्तिदो) कषाय से युक्त योग की प्रवृत्ति को (लेस्सा) लेश्या कहते हैं।

जाव दु केवलणाणस्सुदओ ण हवेदि ताव अण्णाणं।
कम्माण विप्पमुक्को जाव ण ताव दु असिद्धत्तं ॥18॥

यावत्तु केवलज्ञानस्योदयो न भवति तावदज्ञानं ।
कर्मणां विप्रमोक्षो यावन्न तावत्तु असिद्धत्वं ॥

अन्वयार्थ 18- (जाव दु) जब तक (केवलणाणस्सुदओ) केवल ज्ञान का उदय (ण हवेदि) नहीं होता है (ताव दु) तब तक (अण्णाणं) अज्ञान है (जाव) जबतक (कम्माण विप्पमुक्को ण) कर्मों से रहित नहीं होता है (ताव) तब तक (असिद्धत्वं) असिद्धत्व रूप औदयिक भाव (हवेदि) होता है।

कोहादीणुदयादो जीवाणं होंति चउकसाया हु।
इदि सव्वुत्तरभावुप्पत्तिसरूवं वियाणाहि ॥ 19 ॥

क्रोधादीनामुदयात् जीवानां भवन्ति चतुष्कषाया हि।
इति सर्वोत्तरभावोत्पत्तिस्वरूपं विजानीहि ॥

अन्वयार्थ - (कोहादीणुदयादो) क्रोधादि के उदय से (जीवाणं) जीवों के (हु) निश्चय से (चउकसाया) चार कषायें (होंति) होती है। (इदि) इसी प्रकार (सव्वुत्तरभावुप्पत्तिसरूवं) सभी उत्तर भावों की उत्पत्ति के स्वरूप को (वियाणाहि) जानना चाहिए।

उवसमसरागचरियं खइया भावा य णव य मणपज्जं।
रयणत्तयसंपत्तेसुत्तममणुवेसु होंति खलु ॥ 20 ॥

उपशमसरागचारित्रं क्षायिका भावाश्च नव च मनःपर्ययः।
रत्नत्रयसम्प्राप्तेषु मनुष्येषु भवन्ति खलु ॥

अन्वयार्थ - (**खलु**) निश्चय से (**उवसमसरागचरियं**) उपशम चारित्र, सरागचारित्र (**य**) और (**णव**) नौ (**भावा**) भाव (**खइया**) क्षायिक (**य**) और (**मणपज्जं**) मनःपर्ययज्ञान ये सभी भाव (**रयणत्तयसंपत्ते-सुत्तममणुवेसु**) रत्नत्रय से सहित उत्तम मनुष्यों (मुनिगणों) में (**होंति**) होते हैं।

इति पीठिका - विचारणं।

भावा खइयो उवसम मिस्सो पुण पारिणामिओदइओ।
एदेसं (सिं) भेदा णव दुग अड दस तिण्णि इगिवीसं ॥ 21 ॥

भावाः क्षायिक औपशमिको मिश्रः पुनः पारिणामिक औदयिकः।
एतेषां भेदा नव द्वौ अष्टादश त्रय एकविंशतिः ॥

अन्वयार्थ - (**खइयो**) क्षायिक (**उवसम**) औपशमिक (**मिस्सो**) मिश्र अर्थात् क्षायोपशमिक (**पारिणामिओदइओ**) पारिणामिक और औदयिक ये पाँच (**भावा**) भाव है (**एदेसं भेदा**) इन भावों के भेद क्रमशः (**णव**) नौ (**दुग**) दो (**अड दस**) अठारह (**तिण्णि**) तीन और (**इगिवीसं**) इक्कीस हैं।

भावार्थ - क्षायिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक औदयिक और पारिणामिक ये पाँच भाव हैं। क्षायिक भाव के नो भेद, औपशमिक भाव के दो भेद, क्षायोपशमिक भाव के अठारह भेद औदयिक भाव के इक्कीस भेद तथा पारिणामिक भाव के तीन भेद होते हैं। इन भेदों के नाम आगे की गाथाओं से जानना चाहिए।

कम्मक्खए हु खइओ भावो कम्मुवसमम्मि उवसमियो।
उदयो जीवस्स गुणो खओवसमिओ हवे भावो ॥ 22 ॥

कर्मक्षये हि क्षयो भावः कर्मोपशमे उपशमकः।
उदयो जीवस्य गुणः क्षयोपशमको भवेत् भावः ॥

कारणणिरवेक्खभवो सहावियो पारिणामिओ भावो ॥
कम्मुदयजकम्मुगुणो ओदयियो होदि भावो हु ॥ 23 ॥

कारणनिरपेक्षभवः स्वाभाविकः पारिणामिको भावः ।
कर्मोदयजकर्मगुणः औदयिको भवति भावो हि ॥

अन्वयार्थ - (**कम्मक्खए**) कर्मों के क्षय से (**खइओ भावो**) क्षायिक भाव (**कम्मुवसमम्मि**) कर्मों का उपशम होने पर (**उवसमियो**) औपशमिक भाव (**जीवस्य गुणो उदयो**) जीव के गुणों का उदय अथवा क्षयोपशम रूप भाव से (**खओवसमिओ**) क्षायोपशमिक (**भावो हवे**) भाव होता है। (**कारणणिरवेक्खभवो**) कारणों की अपेक्षा से रहित होने वाला अर्थात् कर्मों के उदय, उपशम आदि की अपेक्षा से रहित (**सहावियो**) स्वभाविक (**पारिणामिओ**) पारिणामिक (**भावो**) भाव होता है। (**कम्मुदयजकम्मुगुणो**) कर्म के उदय से उत्पन्न होने वाले कर्म के गुणभाव (**ओदयियो**) औदयिक (**भावो**) भाव (**होदि**) कहलाते हैं।

भावार्थ- कर्मों के क्षय से क्षायिक, उपशम से औपशमिक भाव होते हैं तथा क्षायोपशमिक भाव की परिभाषा करते हुये आचार्य महाराज कहते हैं कि जीव के गुणों का उदय क्षायोपशमिक भाव है अर्थात् यहाँ इस भाव में जीव के कुछ गुण प्रकट रहते हैं इस प्रकार जानना चाहिये। कारणों से निरपेक्ष अर्थात् कर्मों के उदय, उपशम आदि की अपेक्षा रहित पारिणामिक भाव कहलाते हैं तथा कर्मों के उदय से उत्पन्न होने वाले कर्म भाव औदयिक भाव कहे जाते हैं, अर्थात् कर्मों के उदय में होने वाले भाव औदयिक भाव जानना चाहिए।

केवलणाणं दंसण सम्मं चरियं च दाण लाहं च ।
भोगुवभोगवीरियमेदे णव खाइया भावा ॥24 ॥

केवलज्ञानं दर्शनं सम्यक्त्वं चारित्रं च दानं लाभश्च ।
भोगोपभोगवीर्यं एते नव क्षायिका भावाः ॥

अन्वयार्थ - (**केवलणाणं**) केवलज्ञान (**दंसण**) केवलदर्शन (**सम्मं**) सम्यक्त्व (**चरियं**) चारित्र (**दाणं**) दान (**लाहं**) लाभ (**भोगुवभोगवीरियमेदे च**) भोग, उपभोग और वीर्य ये (**णव**) नव (**खाइया भाव**)

क्षायिक भाव है।

उपसमसम्मं उवसमचरणं दुण्णेव उवसमा भावा।
चउणाणं तियदंसणअण्णाणतियं च दाणादी ॥25॥

उपशमसम्यक्त्वमुपशमचरणं द्वावेव उपशमौ भावौ।
चतुर्ज्ञानं त्रिदर्शनं अज्ञानत्रिकं च दानादयः ॥

वेदग सरागचरियं देसजमं विणवमिस्सभावा हु।
जीवत्तं भव्वत्तमभव्वत्तं तिण्णि परिणामो (मा) ॥ 26 ॥

वेदकं सरागचरितं देशयमं द्विनवमिश्रभावा हि।
जीवत्वं भव्यत्वमभव्यत्वं त्रयः पारिणामिकाः ॥

अन्वयार्थ - **(उवसमसम्मं)** उपशम सम्यक्त्व **(उवसमचरणं)** और उपशम चारित्र ये **(दुण्णेव)** दोनों ही **(उपसमा भावा)** औपशमिक भाव है। **(चउणाणं)** चार ज्ञान **(तियदंसणं)** तीन दर्शन **(अण्णाणतियं)** तीन अज्ञान **(दाणादी)** दानादि पाँचलब्धियां **(वेदग)** वेदक सम्यक्त्व **(सरागचरियं)** सराग चारित्र अर्थात् क्षायोपशमिक चारित्र **(च)** और **(देसजमं)** देशसंयम ये **(हु)** निश्चय से **(मिस्सभावा)** मिश्र भाव अर्थात् क्षायोपशमिक भाव के **(विणव)** अठारह भेद हैं। **(जीवत्तं)** जीवत्व **(भव्वत्तमभव्वत्तं)** भव्यत्व और अभव्यत्व ये **(परिणामो)** पारिणामिक भाव के **(तिण्णि)** तीन भेद हैं।

ओदइओ खलु भावो गदिलेस्सकसायलिंगमिच्छत्तं।
अण्णाणमसिद्धत्तं असंजमं चेदि इगिवीसं ॥ 27 ॥

औदयिकः खलु भावो गतिलेश्याकषायलिंगमिथ्यात्वं।
अज्ञानमसिद्धत्वं असंयमश्चेति एकविंशतिः ॥

अन्वयार्थ - **(खलु)** निश्चय से **(गदि लेस्सकसायलिंगमिच्छत्तं)** चारगति, छह लेश्या, चार कषाय, तीन लिंग मिथ्यात्व, **(अण्णाण-मसिद्धत्तं)** अज्ञान, असिद्धत्व **(असंजमं)** असंयम **(इदि)** इस प्रकार ये औदयिक भाव के **(इगिवीसं)** इक्कीस भेद हैं।

पंचेव मूलभावा उत्तरभावा हवंति तेवण्णा।
एदे सव्वे भावा जीवसरूवा मुणेयव्वा ॥ 28 ॥

पंचैव मूलभावा उत्तरभावा भवन्ति त्रिपंचाशत् ।
एते सर्वे भावा जीवस्वरूपा मन्तव्याः ॥

अन्वयार्थ - (**मूलभावा**) मूल भाव (**पंचेव**) पाँच ही है (**उत्तरभावा**) उत्तर भाव (**तेवण्णा**) त्रेपन (**हवंति**) होते हैं। (**एदे**) ये (**सव्वे**) सभी (**भावा**) भाव (**जीवसरूवा**) जीव के स्वरूप (**मुणेयव्वा**) मानना चाहिए।

उक्तं च -

मोक्षं कुर्वन्ति मिश्रौपशमिकक्षायिकाभिधाः ।
बन्धमौदयिको भावो निष्क्रियाः पारिणामिकाः ॥1॥

गाथार्थ - क्षायोपशमिक औपशमिक और क्षायिक भाव मोक्ष को करने वाले है। औदयिक भाव बंध करता है तथा पारिणामिक भाव निष्क्रिय है अर्थात् बन्ध मोक्ष नहीं करता है।

मिच्छतिगऽयदचउक्के उवसमचउगम्हि खवगचउगम्हि।
वेसु जिणेसु विसुद्धे णायव्वा मूलभावा हु ॥ 29 ॥

मिथ्यात्वत्रिकायतचतुष्के उपशमचतुष्के क्षपकचतुष्के।
द्वयोर्जिनयोः विशुद्धा ज्ञातव्या मूलभावा हि ॥

खविगुवसमगेण विणा सेसतिभावा हु पंच पंचेव ।
उवसमहीणाचउरो मिस्सुवसमहीणतियभावा ॥ 30 ॥

क्षपकोपशकाभ्यां बिना शेषत्रिभावा हि पंच पंचैव ।
उपशमहीनाश्चत्वारः मिश्रोपशमहीनत्रिक भावाः ॥

अन्वयार्थ - (**हु**) निश्चय से (**मिच्छ तिग**) मिथ्यात्वादि तीन गुणस्थानों में (**खविगुवसमगेण**) क्षायिक और उपशम भाव के (**विणा**) बिना (**सेसतिभावा**) शेष तीन भाव (**अयदचउक्के**) असंयत सम्यग्दृष्टि आदि चार गुणस्थानों में (**पँच**) पाँच भाव तथा (**उवसमचउगम्हि**) उपशम श्रेणी के चार गुणस्थानों में (**पंचेव**) पाँचों भाव तथा (**खवगचउगम्हि**) क्षपकश्रेणी के चार गुणस्थानों में (**उवसमहीणाचउरो**) उपशम भाव से रहित चार भाव, (**वेसु जिणेसु**) दो जिनों में अर्थात् सयोग केवली और अयोग केवली में (**मिस्सुवसमहीण**) क्षायोपशमिक और उपशम से रहित शेष (**तियभावा**) तीन भाव होते हैं । ये (**पंचेव मूलभावा**) पाँच ही

मूलभाव (**विसुद्धे**) विशुद्धि की अपेक्षा (**णायव्वा**) जानना चाहिए।

भावार्थ - मिथ्यात्व, सासादन और मिश्र इन तीन गुणस्थानों में औदयिक, क्षायोपशमिक, पारिणामिक ये तीन भाव, असंयत, देशसंयत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत इन चार गुणस्थानों में पाँचों भाव, उपशम श्रेणी के चार गुणस्थानों में पाँचों भाव, क्षपक श्रेणी में औदयिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक और पारिणामिक ये चार भाव तथा सयोग, अयोग केवली के क्षायिक, औदयिक और पारिणामिक तीन भाव। इस प्रकार गुणस्थानों में मूल भावों की संयोजना जानना चाहिए।

खयिगो हु पारिणामियभावो सिद्धे हवंति णियमेण।
इत्तो उत्तरभावो कहियं जाणं गुणट्ठाणे ॥ 31 ॥

क्षायिको हि पारिणामिकभावः सिद्धे भवतः नियमेन।
इत उत्तरभावं कथितं जानीहि गुणस्थाने ॥

अन्वयार्थ - (**सिद्धे**) सिद्धों में (**णियमेण**) नियम से (**खयिगो**) क्षायिक और (**पारिणामियभावो**) पारिणामिक भाव (**हवंति**) होते है (**इत्तो**) इसके आगे (**गुणट्ठाणे**) गुणस्थानों में (**उत्तरभावो**) उत्तर भावों को (**कहियं**) कहते हैं सो (**जाणं**) जानो।

अयदादिसु सम्मत्तति-सण्णाणतिगोहिदंसणं देसे।
देसजमो छट्ठादिसु सरागचरियं च मणपज्जो ॥ 32 ॥

अयदादिषु सम्यक्त्वत्रिसज्ज्ञानत्रिकावधिदर्शनं देशे।
देशयमः षष्ठादिषु सरागचारित्रं च मनःपर्ययः ॥

अन्वयार्थ - (**अयदादिसु**) चतुर्थ आदि गुणस्थानों में (**सम्मत्तति**) तीन सम्यक्त्व (**सण्णाणतिग**) तीन सम्यग्ज्ञान (**ओहिदंसणं**) अवधि दर्शन (**देसे**) देशव्रत अर्थात् पंचम गुणस्थान में (**देसजमो**) देशसंयम (**छट्ठादिसु**) छठवे आदि गुणस्थानों में (**सरागचरियं**) सरागचारित्र (**च**) और (**मणपज्जो**) मनःपर्ययज्ञान होता है।

भावार्थ - चौथे गुणस्थान से बारहवें गुणस्थान तक उपशम सम्यक्त्व, चौथे से सातवें गुणस्थान तक वेदक सम्यक्त्व एवं चौथे से चौदहवें गुणस्थान तक क्षायिक सम्यक्त्व। इस प्रकार चतुर्थ गुणस्थान से चौदहवें गुणस्थान

तक तीनों सम्यक्त्वों का उपरोक्त प्रकार से कथन जानना चाहिये। चौथे से बारहवें तक मति, श्रुत, अवधि ये तीन सम्यग्ज्ञान और अवधिदर्शन पाये जाते हैं। पंचम गुणस्थान में देशसंयम, छठे से दसवें तक सरागचारित्र और छठे से लेकर बारहवें तक मनः पर्ययज्ञान होता है।

संते उवसमचरियं खीणे खाइयचरित्त जिण सिद्धे।
खाइयभावा भणिया सेसं जाणेहि गुणठाणे ॥ 33 ॥

शान्ते उपशमचरितं क्षीणे क्षायिकचरितं जिने सिद्धे।
क्षायिकभावा भणिताः शेषं जानीहि गुणस्थाने ॥

अन्वयार्थ - (**संते**) उपशान्त मोह गुणस्थान में (**उवसमचरियं**) उपशम चारित्र (**खीणे**) क्षीणमोह गुणस्थान में (**खाइयचरित्त**) क्षायिक चारित्र एवं (**जिण**) जिन अर्थात् तेरहवें और चौदहवें गुणस्थान में तथा (**सिद्धे**) सिद्धों में (**खाइयभावा**) क्षायिक भाव (**भणिया**) कहे गये। (**सेसं**) तथा शेष भावों को (**गुणठाणे**) गुणस्थानों में (**जाणेहि**) जानना चाहिये।

ओदइया चक्खुदुगंऽण्णाणति दाणादिपंच परिणामा।
तिण्णेव सव्व मिलिदा मिच्छं चउतीसभावा हु ॥ 34 ॥

औदयिकाः चक्षुर्द्विकं अज्ञानत्रिकं दानादिपंच परिणामाः।
त्रय एव सर्वे मिलिता मिथ्यात्वे चतुस्त्रिंशद्भावाः स्फुटं ॥

अन्वयार्थ -(**ओदइया**) इक्कीस औदयिक भाव (**चक्खुदुगं**) चक्षु, अचक्षु दर्शन (**अण्णाणति**) अज्ञान तीन (**दाणादिपंच**) दानादि पाँच लब्धियाँ (**परिणामा तिण्णेव**) तीनों पारिणामिक भाव ये (**सव्व**) सभी (**मिलिदा**) मिलकर (**चउतीसभावा**) चौतीस भाव (**मिच्छं**) मिथ्यात्व गुणस्थान में होते हैं।

भावार्थ - गति 4, कषाय 4, लिंग 3, मिथ्यादर्शन, अज्ञान, असंयम, लेश्या 6, असिद्धत्व ये औदयिक भाव के 21 भेद, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, दान, लाभ भोग, उपभोग, वीर्य, जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व इस प्रकार सभी संयुक्त करने पर चौतीस भाव मिथ्यात्व गुणस्थान में जानना चाहिए।

दुग तिग णभ छ दुग णभ ति णभ विग-त्ति दुग दुण्णितेरं च।
इगि अड छेदो भावस्सऽजोगिअंतेसु ठाणेसु ॥ 35 ॥

द्विक-त्रिक-नभः-षट्-द्विक-नभः-त्रि-नभः-द्वित्रिक-द्विका-द्वौ-त्रयोदश च।
एकः अष्टौ छेदः भावस्यायोग्यन्तेषु स्थानेषु ॥

अन्वयार्थ - (दुग) दो (तिग) तीन (णभ) शून्य (छ) छह (दुग) दो (णभ) शून्य (ति) तीन (णभ) शून्य (विग त्ति) दो गुणस्थानों में तीन-तीन (दुग) दो (दुण्णि) दो (तेरं) तेरह (इगि) एक (च) और (अड) आठ (भावस्स) भाव की (अजोगिअंतेसु ठाणेसु) अयोग केवली गुणस्थान पर्यन्त क्रमशः (छेदो) व्युच्छित्ति होती है।

भावार्थ - इस गाथा में प्रथम गुणस्थान से अयोग केवली गुणस्थान तक भावों की व्युच्छित्ति का क्रम का निरूपण किया गया है। प्रथम गुणस्थान में दो भावों की, दूसरे सासादन में तीन भावों की, तीसरे गुणस्थान में किसी भी भाव की व्युच्छित्ति नहीं होती है। चौथे गुणस्थान में छह भावों की, पाँचवे गुणस्थान में दो भावों की, छठवें प्रमत्त संयत गुणस्थान में किसी भी भाव की व्युच्छित्ति नहीं होती है। सातवें में तीन भावों की, आठवें में किसी भी भाव की व्युच्छित्ति नहीं, नवमें में छह अर्थात् सवेद भाग के अन्त में तीनों वेदों की एवं अवेद भाग के अन्त में क्रोध, मान, माया की व्युच्छित्ति होती है। दसवें में दो, ग्यारहवें में दो, बारहवें में तेरह, तेरहवें में एक और चौदहवें में आठ भावों की व्युच्छित्ति होती है।

विशेष - जो भाव जिस गुणस्थान तक पाया जाता है आगे के गुणस्थान में उसका अभाव हो जाता है उस भाव की उसी गुणस्थान के अन्त में व्युच्छित्ति समझना चाहिये।

यथा - मिथ्यात्व भाव मिथ्यात्व गुणस्थान तक ही रहता है आगे दूसरे सासादन में इसका अभाव है, अतः प्रथम गुणस्थान में मिथ्यात्व की व्युच्छित्ति हो जाती है।

मिच्छे मिच्छ मभव्वं साणे अण्णाणतिदयमयदम्हि।
किण्हादितिण्णि लेस्सा असंजमसुरणिरयगदिच्छेदो ॥ 36 ॥

मिथ्यात्वे मिथ्यात्वमभव्यत्वं साणेऽज्ञानत्रितयमयते ।
कृष्णादित्रिसो लेश्याः असंयमसुरनरकगतिच्छेदः ॥

अन्वयार्थ - **(मिच्छे)** मिथ्यात्व गुणस्थान में **(मिच्छमभव्वं)** मिथ्यात्व, अभव्यत्व **(साणे)** सासादन गुणस्थान में **(अण्णाणतिदयं)** तीन अज्ञान **(अयदम्हि)** असंयत गुणस्थान में **(किण्हादितिण्णि)** कृष्णादि तीन **(लेस्सा)** लेश्यायों की **(असंजं)** असंयम, **(असुरणिरयगदि)** देवगति और नरक गति की **(छेदो)** व्युच्छित्ति होती है।

भावार्थ - मिथ्यात्व गुणस्थान में मिथ्यात्व और अभव्यत्व इन दो भावों का व्युच्छेद होता है। सासादन गुणस्थान में तीन अज्ञान-कुमति, कुश्रुत और विभङ्गावधि इन तीन क्षायोपशमिक भावों का व्युच्छेद हो जाता है। तीसरे गुणस्थान में किसी भी भाव की व्युच्छित्ति नहीं होती है, तथा अविरत गुणस्थान में कृष्णादि तीन अशुभ लेश्या, असंयम, देवगति और नरकगति इन छह औदयिक भावों का विच्छेद हो जाता है।

देसगुणे देसजमो तिरियगदी अप्पमत्तगुणठाणे ।
तेऊपम्मालेस्सा वेदगसम्मत्तमिदि जाणे ॥37॥

देशगुणे देशयमस्तिर्यग्गतिः अप्रमत्तगुणस्थाने ।
तेजःपद्मलेश्ये वेदकसम्यक्त्वमिति जानीहि ॥

अन्वयार्थ 37 - **(देशगुणे)** देशव्रत गुणस्थान में **(देसजमो)** देशसंयम और **(तिरियगदी)** तिर्यंच गति **(अप्पमत्तगुणठाणे)** अप्रमत्तगुणस्थान में **(तेऊ पम्मालेस्सा)** पीत, पद्म लेश्या तथा **(वेदगसम्मत्तमिदि)** वेदक सम्यक्त्व की व्युच्छित्ति होती है। इस प्रकार **(जाणे)** जानना चाहिए।

भावार्थ - पाँचवें गुणस्थान में संयमासंयम और तिर्यंचगति इन दो की व्युच्छित्ति; प्रमत्त संयत गुणस्थान में किसी भी भाव की व्युच्छित्ति नहीं एवं सातवें गुणस्थान में पीत लेश्या, पद्म लेश्या और वेदक सम्यक्त्व इन तीन भावों की व्युच्छित्ति हो जाती है।

अणियट्टि दुगदुभागे वेदतियं कोह माण मायं च ।
सुहमे सरागचरियं लोहो संते दु उवसमा भावा ॥38॥

अनिवृत्तिद्विकद्विभागे वेदत्रिकं क्रोधो मानो माया च ।
सूक्ष्मे सरागचारित्रं लोभः शान्ते तु उपशमौ भावौ ॥

अन्वयार्थ - **(अणियट्टि दुगदुभागे)** अनिवृत्तिकरण गुणस्थान के दो भागों में अर्थात् सवेद भाग और अवेद भाग में क्रमशः **(वेदतियं)** तीन वेद **(च)** और **(कोह माण मायं)** क्रोध, मान, माया **(सुहमे)** एवं सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान में **(सरागचरियं)** सरागचारित्र **(लोहो)** और लोभ **(संते)** तथा उपशांत मोह गुणस्थान में **(उवसमा भावा)** औपशमिक भावों की व्युच्छित्ति होती है।

भावार्थ- आठवें अपूर्वकरण गुणस्थान में किसी भी भाव की व्युच्छित्ति नहीं होती है नौवें अनिवृत्तिकरण गुणस्थान के दो भाग हैं - वेद सहित और वेदरहित। वेदसहित -सवेद भाग में पुंवेद, स्त्रीवेद और नपुंसक इन तीन वेदों की तथा वेदरहित भाग के अन्त में क्रोध, मान, माया इन कषायों की, इस प्रकार इस गुणस्थान में कुल भावों की व्युच्छित्ति होती है। दसवें गुणस्थान में सरागचारित्र और लोभ कषाय इन दो भावों की व्युच्छित्ति होती है एवं उपशान्त मोह गुणस्थान में औपशमिक सम्यक्त्व (द्वितीयोपशम सम्यक्त्व) और औपशमिक चारित्र इन भावों की व्युच्छिति हो जाती है।

खीणकसाए णाणचउक्कं दंसणतियं च अण्णाणं ।
पण दाणादि सजोगे सुक्कलेसे गवो छेदो ॥39॥

क्षीणकषाए ज्ञानचतुष्कं दर्शनत्रिकं चाज्ञानं ।
पंच दानादयः सयोगे शुक्ललेश्याया गतः छेदः ॥

अन्वयार्थ - **(खीणकसाए)** क्षीणकषाय गुणस्थान में **(णाणचउक्कं)** चारज्ञान **(दंसणतियं)** तीन दर्शन **(अण्णाणं)** अज्ञान **(च)** और **(दाणादि)** क्षायोपशमिक दानादि **(पण)** पाँच की लब्धियों और **(सजोगे)** सयोग केवली गुणस्थान में **(सुक्कलेसे)** शुक्ललेश्या का **(गवो छेदो)** अभाव अर्थात् व्युच्छित्ति हो जाती है।

भावार्थ - बारहवें गुणस्थान में मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यय ज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधिदर्शन, अज्ञान, दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य पाँच क्षायोपशमिक लब्धियाँ। इस प्रकार कुल 13 भावों की व्युच्छित्ति 12 वें

गुणस्थान में जानना चाहिए तथा सयोग केवली गुणस्थान में शुक्ल लेश्या मात्र की व्युच्छि त्ति जानना चाहिये।

दाणादिचऊ भव्वमसिद्धत्तं मणुयगदि जहक्खादं।
चारित्तमजोगिजिणे वुच्छे दो होंति भावे दो ॥40॥

दानादिचतुः भव्यत्वमसिद्धत्वं मनुष्यगतिः यथाख्यातं।
चारित्रमयोगिजिने व्युच्छेदः भवतः भावौ द्वौ ॥

अन्वयार्थ - **(अजोगिजिणे)** अयोग केवली गुणस्थान में **(दाणादिचऊ)** दानादि चार अर्थात् दान, लाभ, भोग, उपभोग **(भव्वमसिद्धत्तं)** भव्यत्व, असिद्धत्व **(मणुयगदि)** मनुष्यगति **(जहक्खादं चारित्तं)** यथाख्यात चारित्र इन आठ भावों की **(वुच्छे दो)** व्युच्छि त्ति **(होंति)** होती है। **(भावे दो)** मात्र दो भाव पाये जाते हैं। यहाँ दो भाव से क्षायिक और पारिणामिक भाव ग्रहण करना चाहिये। ऐसा यहाँ आचार्य महाराज का अभिप्राय ज्ञात होता है।

भावार्थ - अयोगकेवली गुणस्थान में क्षायिक दान, क्षायिक लाभ, क्षायिक भोग, क्षायिक उपभोग ये चार भाव एवं भव्यत्व, असिद्धत्व, मनुष्यगति और यथाख्यात चारित्र इन आठ भावों की व्युच्छि त्ति हो जाती है। अयोगकेवली के क्षायिक दानादि की व्युच्छि त्ति कैसे घटि त होती है तो इसका समाधान इस प्रकार है कि अभयदान आदि के लिए शरीर नामकर्म और तीर्थंकर नामकर्म के उदय की अपेक्षा रहती है। जबकि सिद्ध परमेष्ठियों में शरीर नामकर्म और तीर्थंकर नामकर्म का अभाव है। किन्तु सिद्ध परमेष्ठी के क्षायिक दानादि लब्धियों का सद्भाव आगम में कहा गया है। इस विषय में सर्वार्थ सिद्धि में आगत शंका समाधान दृष्ट व्य है।

शंका - यदि क्षायिक दान आदि भावों के निमित्त से अभयदान आदि कार्य होते हैं तो सिद्धों में भी उनका प्रसंग प्राप्त होता है ?

समाधान -यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि इन अभयदान आदि के होने में शरीर नामकर्म और तीर्थंकर नामकर्म के उदय की अपेक्षा रहती है। परन्तु सिद्धों के शरीर नामकर्म और तीर्थंकर नामकर्म नहीं होते, अतः उनके अभयदान आदि प्राप्त नहीं होते।

शंका - तो सिद्धों के क्षायिक दान आदि भावों का सद्भाव कैसे माना जाय ?

समाधान- जिस प्रकार सिद्धों के केवलज्ञान रूप से अनन्तवीर्य का सद्भाव माना गया है उसी प्रकार परमानन्द और अव्याबाध रूप से ही उनका सिद्धों के सद्भाव है। (स.सि. 2/4)

केवलणाणं दंसणमणंतविरियं च खइयसम्मं च ।
जीवत्तं चेदे पण भावा सिद्धे हवंति फुडं ॥41॥

केवलज्ञानं दर्शनमनन्तवीर्यं च क्षायिकसम्यक्त्वं च ।
जीवत्वं चैते पंच भावा सिद्धे भवन्ति स्फुटं ॥

अन्वयार्थ - (**सिद्धे**) सिद्धों में (**फुडं**) निश्चय से (**केवलणाणं**) केवलज्ञान (**दंसणमणंतविरियं**) केवलदर्शन अनन्तवीर्य (**खइयसम्मं**) क्षायिक सम्यक्त्व (**च**) और (**जीवत्तं**) जीवत्व (**एदे**) ये (**पण**) पाँच (**भावा**) भाव (**हवंति**) होते हैं।

चदुतिगदुगछत्तीसं तिसु इगितीसं च अड ड पणवीसं ।
दुगइगिवीसं वीसं चउद्दस तेरस भावा हु ॥42॥

चतुस्त्रिकद्विकषट्त्रिंशत् त्रिषु एकत्रिंशच्च अष्टाष्टपंचविंशति।
द्विकैकविंशतिः विंशतिः चतुर्दश त्रयोदश भावा हि ॥

अन्वयार्थ - मिथ्यात्व आदि गुणस्थानों में क्रमशः (**चदुदुगतिग-छत्तीसं**) चौतीस भाव, बत्तीस भाव, तेतीस भाव, छत्तीस भाव (**तिसु**) और तीन गुणस्थानों में ५ वें, ६ वें ७ वें गुणस्थान में (**इगितीसं**) इकतीस-इकतीस भाव, (**अड ड पणवीसं**) अट्ठ इस-अट्ठ इस, पच्चीस भाव (**दुगइगिवीसं**) बाईस भाव, इक्कीस भाव (**बीसं**) बीस भाव (**चउद्दस**) चौदह भाव (**च**) और (**तेरस भावा हु**) तेरह भाव होते हैं।

भावार्थ - प्रथम गुणस्थान में चौंतीस भाव होते हैं, दूसरे सासादन गुणस्थान में बत्तीस, तीसरे में तेतीस. चौथे गुणस्थान में छत्तीस, पाँचवें, छठवें, सातवें गुणस्थानों में इकतीस -इकतीस, अपूर्वकरण नामक आठवें गुणस्थान में अट्ठाईस नवमें के सवेदभाग में अट्ठाईस, अवेदभाग में पच्चीस, दसवें में बाबीस, ग्यारहवें में इक्कीस, बारहवें में बीस, तेरहवें में चौदह और चौदहवें गुणस्थान में तेरह भाव होते हैं।

विशेष - गाथा में प्रथम चरण **'चदुतिगदुगछ तीसं तिसु'** इसमें तिग के स्थान पर दुग और दुग के स्थान तिग पाठ कर दिया है - कर्मकाण्ड ग्रन्थ के आधार पर।

उणइगिवीसं वीसं सत्तरसं तिसु य होति वावीसं ।
पणपण अट्ठ वीसं इगदुगतिगणवयतीसतालसमभावा ॥43॥

एकान्नैकविंशतिः विंशतिः सप्तदश त्रिषु च भवन्ति द्वा विंशतिः ।
पंचपंचाष्ट विंशतिः एकद्विकत्रिकनवकत्रिंशच्चत्वारिंशद्भावाः ॥

अन्वयार्थ - मिथ्यात्वादि चार गुणस्थानों में क्रमशः **(उणइगिवीसं)** उन्नीस भाव इक्कीस भाव **(वीसं)** वीस भाव **(सत्तरसं)** सत्तरह भाव **(तिसु)** तथा तीन गुणस्थानों में अर्थात् ५वें, ६वें और ७ वें गुणस्थान में **(वावीसं)** वाईस -वाईस , **(पणपणअट्ठ वीसं)** पच्चीस भाव, पच्चीस, अट्ठाईस **(इग दुगतिगजणवयतीस)** इकतीस , उनतालीस और **(तालसमभावा)** चालीस भाव क्रमशः अभाव रूप होते हैं।

भावार्थ - प्रथम गुणस्थान में उन्नीस भावों का अभाव, दूसरे गुणस्थान में इकतीस, तीसरे में बीस, चौथे में सत्तरह, पाँचवें, छठवें, सातवें में बाईस-बाईस, आठवें गुणस्थान में एवं नवमें गुणस्थान के सवेदभाग में पच्चीस-पच्चीस, नवमें गुणस्थान के अवेदभाग में अट्ठाईस, दसवें में इकतीस, ग्यारहवें में बत्तीस, बारहवें में तेतीस, तेरहवें में उनतालीस और चौदहवें गुणस्थान में चालीस भाव अभावरूप होते हैं।

गुणस्थानत्रिभङ्गी समाप्ता

संदृष्टि नं. 1

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	2 (मिथ्यात्व अभव्यत्व)	34 [चक्षु दर्शन, अचक्षुदर्शन, कुमति, कुश्रुत,कुअवधि ज्ञान क्षायोपशमिक पांच लब्धि, (दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य) चार गति ,मनुष्यगति, तिर्यंच गति, देव गति, नरक गति) (कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, स्त्री लिंग, पुल्लिंग, नपुंसक लिंग) चार कषाय (क्रोध, मान, माया, लोभ) अज्ञान असिद्धत्व,असंयम, मिथ्यात्व, पारिणामिक भाव 3 (जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व)]	19 [औपशमिक, सम्यक्त्व, औपशमिक, चारित्र, क्षायिक पांच लब्धि- दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य, केवलज्ञान, केवलदर्शन,क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, मतिज्ञान, श्रुत ज्ञान, अवधिज्ञान, मनः पर्यय ज्ञान,अवधिदर्शन, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, सराग चारित्र, संयमासंयम]
सासादन	3 (कुमति, कुश्रुत, कुअवधि, ज्ञान)	32 (चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, चार गति , लेश्या 6, तीन लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व, भव्यत्व]	21[औपशमिक, सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र, क्षायिक पांच लब्धि, केवलज्ञान, केवल दर्शन, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्यय ज्ञान, अवधि-दर्शन, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व,सराग चारित्र, संयमासंयम,मिथ्यात्व, अभव्यत्व]

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
3. मिश्र	0	(33) [चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, चार गति, लेश्या 6, तीन लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व असंयम जीवत्व, भव्यत्व, मति-कुमति श्रुत -कुश्रुत, अवधि कुअवधि मिश्र तीन ज्ञान ।]	(20) [औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र, क्षायिक पाँच लब्धि, केवल ज्ञान,केवल दर्शन, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, मति श्रुत अवधि मनः पर्यय ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व सराग चारित्र, संयमासंयम मिथ्यात्व अभव्यत्व + कुज्ञान 3 - मिश्रज्ञान 3]
4. अविरत	6 [नरक गति, देवगति, कृष्ण, नील कापोत लेश्यायें, असंयम]	(36) [औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व,मति श्रुत, अवधिज्ञान चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन, क्षायोप शमिक पाँच लब्धि, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, चार गति, लेश्या 6, तीन लिंग, चार कषाय,अज्ञान, असिद्धत्व असंयम जीवत्व, भव्यत्व]	17 [औपशमिक चारित्र, क्षायिक पाँच लब्धि, केवलज्ञान, केवलदर्शन, क्षायिक चारित्र मनः पर्यय ज्ञान, कुमति कुश्रुत,कुअवधि ज्ञान सराग चारित्र, संयमासंयम, मिथ्यात्व, अभव्यत्व]

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
5. देशविरत	2 [संयमासंयम, तिर्यञ्च गति]	31 [औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधि ज्ञान, चक्षुदर्शन अचक्षुदर्शन, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, संयमासंयम मनुष्य गति,तिर्यञ्च गति, पीत,पद्म शुक्ल लेश्या,तीन लिंग, चार कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व]	22 [औपशमिक चारित्र क्षायिक पाँच लब्धि, केवलज्ञान, केवलदर्शन, क्षायिक चारित्र , मनः पर्यय ज्ञान, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, सराग चारित्र, नरक गति, देव गति, कृष्ण, नील कापोत लेश्या, असंयम, मिथ्यात्व, अभव्यत्व]
6. प्रमत्त संयत	(0)	(31) [औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति श्रुत, अवधि, मनः पर्यय ज्ञान, चक्षु दर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, सराग चारित्र मनुष्यगति, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, तीन लिंग, चार कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व जीवत्व भव्यत्व]	22 [औपशमिक चारित्र क्षायिक पाँच लब्धि केवलज्ञान, केवल दर्शन, क्षायिक चारित्र कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, संयमासंयम, तिर्यञ्चगति नरकगति, देवगति, कृष्ण, नील, कापोत लेश्या, असंयम, मिथ्यात्व, अभव्यत्व]

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
7. अप्रमत्त संयत	(3)[पीत पद्म लेश्या, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व]	(31) [औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिकसम्यक्त्व मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय ज्ञान, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, क्षायोपशमिक, सम्यक्त्व, सराग चारित्र, मनुष्यगति, पीत, पद्म शुक्ल लेश्या, 3 लिंग, चार कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व]	(22) (औपशमिक चारित्र, क्षायिक पाँच लब्धि, केवलज्ञान, केवलदर्शन क्षायिक चारित्र, कुमति कुश्रुत कुअवधि ज्ञान संयमासंयम ,तिर्यञ्च गति नरक गति, देव गति, कृष्ण, नील, कापोत लेश्या, असंयम मिथ्यात्व, अभव्यत्व]
8. अपूर्व-करण	(0)	(28) औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्यय ज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, सराग चारित्र, मनुष्य गति, शुक्ल लेश्या, तीन लिंग, चार कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व जीवत्व, भव्यत्व]	(25) (औपशमिक चारित्र क्षायिक पाँच लब्धि, केवलज्ञान, केवलदर्शन, क्षायिक चारित्र, कुमति, कुश्रुत, कुअवधिज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व संयमासंयम, तिर्यञ्च, नरक, देवगति, कृष्ण नील, कापोत पीत, पद्म लेश्या, असंयम मिथ्यात्व, अभव्यत्व)

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
9. अनिवृत्ति-करण सवेद	(3) [पुल्लिंग, स्त्रीलिंग, नपुंसकलिंग]	(28) [औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय ज्ञान चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, सराग चारित्र, मनुष्यगति, शुक्ल लेश्या, तीन लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व]	(25) (औपशमिक चारित्र, पाँच क्षायिक लब्धि केवलज्ञान, केवलदर्शन क्षायिक चारित्र, कुमति कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व संयमासंयम, तिर्यञ्च, नरक, देव गति, कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म लेश्या असंयम, मिथ्यात्व अभव्यत्व)
9. अनिवृत्ति-करण अवेद	(3) {क्रोध, मान, माया कषाय}	(25) [औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, गति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय ज्ञान चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, सराग चारित्र , मनुष्यगति शुक्ल लेश्या, चार कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व)	(28) [औपशमिक चारित्र पाँच क्षायिक लब्धि, केवल ज्ञान, केवलदर्शन, क्षायिक चारित्र, कुमति कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, संयमासंयम, तिर्यञ्च, नरक, देव गति कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म लेश्या, तीन लिंग, असंयम मिथ्यात्व, अभव्यत्व]

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
10 सूक्ष्म सांपराय	(2) [सराग चारित्र, लोभ कषाय]	(22) (औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि, मनःपर्यय ज्ञान चक्षु, अचक्षु, अवधिदर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, सराग चारित्र मनुष्यगति, शुक्ल लेश्या, लोभ कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व]	(31) [औपशमिक चारित्र, क्षायिक पाँच लब्धि, केवलज्ञान केवल दर्शन, क्षायिक चारित्र, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, संयमासंयम, तिर्यञ्च, नरक, देव गति कृष्ण, नील कापोत, पीत, पद्म लेश्या तीन लिंग, क्रोध, मान, माया कषाय, असंयम मिथ्यात्व,अभव्यत्व]
11. उपशांत मोह	(2) {औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र}	(21) {औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र,क्षायिक सम्यक्त्व,मति, श्रुत अवधि, मनः पर्यय ज्ञान, चक्षु, अचक्षु अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, मनुष्य गति, शुक्ल लेश्या, अज्ञान असिद्धत्व, जीवत्व भव्यत्व}	(32) { क्षायिक पांच लब्धि, केवलज्ञान केवल दर्शन, क्षायिक चारित्र, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, सराग चारित्र, संयमासंयम, तिर्यंच, नरक, देव गति, कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म लेश्या, तीन लिंग चार कषाय, असंयम मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
12. क्षीण मोह	(13) [चार ज्ञान, तीन दर्शन, क्षायोपशमिक, पाँच लब्धि, अज्ञान}]	(20) {क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्यय ज्ञान चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, मनुष्यगति, शुक्ललेश्या, अज्ञान असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व}	(33) {औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र, क्षायिक पाँच लब्धि, केवलज्ञान, केवलदर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, सराग चारित्र, संयमा-संयम, तिर्यञ्च, नरक, देव गति, कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म लेश्या, तीन लिंग, चार कषाय, असंयम मिथ्यात्व, अभव्यत्व}
13. सयोग केवली	(1) {शुक्ल लेश्या}	(14) {क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, क्षायिक पाँच लब्धि, केवलज्ञान, केवलदर्शन, मनुष्य गति, असिद्धत्व, शुक्ल लेश्या, जीवत्व, भव्यत्व}	(39) {औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र, मति आदि चार ज्ञान, तीन दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तीनकुज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, सराग चारित्र, संयमासंयम, तिर्यञ्च, नरक, देव गति कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म लेश्या, तीन लिंग, चार कषाय, अज्ञान, मिथ्यात्व, असंयम, अभव्यत्व}

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
14. अयोग केवली	(8) {क्षायिक दानादि, चार लब्धि, क्षायिक चारित्र, मनुष्य गति, असिद्धत्व, भव्यत्व}	(13) {क्षायिक पाँच लब्धि, क्षायिक सम्यक्त्व, केवलज्ञान, केवलदर्शन, मनुष्य गति, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व}	(40) {औपशमिक सम्यक्त्व औपशमिक चारित्र, मति आदि चार ज्ञान, 3 कुज्ञान, तीन दर्शन क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, सराग चारित्र, संयमासंयम, लेश्या 6, तीन लिंग, चार कषाय, 3 गति, मिथ्यात्व, असंयम अज्ञान, अभव्यत्व}

सुयमुणिविणमियचलणं अणंतसंसारजलहिमुत्तिण्हं ।
णमिऊण वड्ढमाणं भावे वोच्छामि वित्थारे ॥44॥

श्रुतमुनिविनतचरणं अनन्तसंसारजलधिमुत्तीर्णं ।
नत्वा वर्धमानं भावान् वक्ष्यामि विस्तारे ॥

अन्वयार्थ - (अणंतसंसारजलहिमुत्तिण्हं) अनन्त संसार रूपी समुद्र को पार कर लिया है ऐसे (वड्ढमाणं) वर्धमान स्वामी के (चलणं) चरणों को (सुयमुणिविणमिय) मैं श्रुतमुनि नम्रतापूर्वक (णमिऊण) नमस्कार करके (वित्थारे) विस्तार से (भावो) भावों को (वोच्छामि) कहूँगा।

भावार्थ - श्री श्रुतमुनि ने ग्रन्थ के मध्य में मङ्गलाचरण करके वर्धमान स्वामी को नमस्कार करके आगे गति आदि 14 मार्गणाओं में भावों को कहूँगा इस प्रकार प्रतिज्ञावचन इस गाथा में प्रस्तुत किया है।

विशेष -पूर्व कालीन आचार्यों ने जो शास्त्रों के आदि में मङ्गलाचरण का उल्लेख किया है। उस मंङ्गलाचरण को नियम से शास्त्रों के आदि, मध्य और अन्त में करना चाहिए। शास्त्र के आदि में मङ्गल के पढ़ने पर शिष्य लोग शास्त्र के पारगामी होते हैं, मध्य में मङ्गल के करने पर निर्विघ्न विद्या की प्राप्ति होती है और अन्त में मङ्गल के करने पर विद्या का फल प्राप्त होता है।

आदिमणिरए भोगजतिरिए मणुवेसु सग्गदेवेसु ।
वेदगखाइयसम्मं पज्जत्तापज्जत्तगाणमेव हवे ॥45॥

आदिमनरके भोगजतिरश्चि मनुजेषु स्वर्गदेवेषु ।
वेदकक्षायिकसम्यक्त्वं पर्याप्तापर्याप्तकानामेव भवेत् ॥

अन्वयार्थ - (आदिमणिरए) प्रथम नरक में (भोगजतिरिए मणुवेसु) भोगभूमि के तिर्यञ्च व मनुष्यों के (सग्गदेवेसु) स्वर्ग के देवों के अर्थात् सौधर्मादि स्वर्ग के देवों में (पज्जत्तापज्जत्तगाणमेव) पर्याप्त, अपर्याप्त अवस्था में (वेदगखाइयसम्मं) वेदक और क्षायिक सम्यक्त्व (हवे) होता है।

भावार्थ - मोहनीय कर्म की 28 प्रकृतियों में से मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति एवं अनन्तानुबन्धी क्रोधादि चार इन सात प्रकृतियों के क्षय से जो सम्यग्दर्शन होता है उसे क्षायिक सम्यक्त्व कहते हैं तथा इन्हीं सात प्रकृतियों के क्षायोपशम से जो सम्यग्दर्शन होता है उसे क्षायोपशम सम्यग्दर्शन कहते हैं। ये दोनों सम्यग्दर्शन प्रथम नरक के नारकियों के भोग भूमिज तिर्यंच, मनुष्यों के तथा सौधर्मादि स्वर्ग के देवों के पर्याप्त और अपर्याप्त दोनों अवस्थाओं में पाये जाते हैं विशेषता यह है कि प्रथम नरक में भोग भूमिज तिर्यंच एवं मनुष्यों के जो वेदक सम्यग्दर्शन कहा गया है उससे कृतकृत्य वेदक सम्यग्दर्शन समझना चाहिए। यह कृतकृत्यवेदक सम्यग्दर्शन चौथे गुणस्थान से सातवें गुणस्थान तक पाया है।

पढमुवसमसम्मत्तं पज्जत्ते होदि चादुगदिगाणं ।
विदिउवसमसम्मत्तं णरपज्जत्ते सुरअपज्जत्ते ॥46॥

प्रथमोपशमसम्यक्त्वं पर्याप्ते भवति चातुर्गतिकानां ।
द्वितीयोपशमसम्यक्त्वं नरपर्याप्ते सुरापर्याप्ते ॥

अन्वयार्थ - (पढमुवसमसम्मत्तं) प्रथमोपशम सम्यक्त्व (चादुगदिगाणं) चारों गतियों के जीवों की (पज्जत्ते) पर्याप्त अवस्था में ही होता है। (विदिउवसमसम्मत्तं) द्वितीयोपशम सम्यक्त्व (णरपज्जत्ते) मनुष्यों के पर्याप्त अवस्था में (सुरअपज्जत्ते) एवं देवों की अपर्याप्त अवस्था में (होदि) होता है।

भावार्थ - अनन्तानुबन्धी चार और दर्शनमोहनीय कर्म की तीन प्रकृतियों के उपशम से जो सम्यग्दर्शन होता है वह औपशमिक सम्यग्दर्शन कहलाता है। इस सम्यग्दर्शन के दो भेदों का कथन अर्थात् प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन और द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शन का प्राप्त होता है। उसमें प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन को प्राप्त करने वाला जीव पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, गर्भज, पर्याप्त और सर्व विशुद्ध जानना चाहिए।

यह सम्यग्दर्शन चारों गतियों के जीवों के पर्याप्त अवस्था में होता है तथा चतुर्थ गुणस्थान से सातवें गुणस्थान तक पाया जाता है। तथा उपशम श्रेणी चढ़ते समय क्षयोपशम सम्यग्दर्शन से जो उपशम सम्यक्त्व होता है उसे द्वितीयोपशम सम्यक्त्व कहते हैं। द्वितीयोपशम सम्यक्त्व पर्याप्त मनुष्य व निर्वृत्यपर्याप्त वैमानिक देवों में ही होता है। द्वितीयोपशम सम्यक्त्व असंयतादि से उपशान्तकषाय गुणस्थान पर्यन्त पाया जाता है। अप्रमत्त गुणस्थान में उत्पन्न करके, ऊपर उपशान्तकषाय गुणस्थान तक जाकर फिर नीचे उतरते हुए असंयत गुणस्थान तक भी सम्भव है। जिन जीवों के श्रेणी के उतरते समय मरण हो जाता है ऐसे जीवों के ही देव गति की निर्वृत्यपर्याप्त अवस्था में द्वितीयोपशम सम्यक्त्व सम्भव है। तथा निर्वृत्य पर्याप्त अवस्था के पूर्ण होते ही द्वितीयोपशम का सद्भाव पर्याप्त अवस्था में नहीं पाया जाता है।

सक्करपहुदीणरये वणजोइसभवणदेवदेवीणं ।
सेसत्थीणं पज्जत्तेसुवसम्मं वेदगं होइ ॥47॥

शर्कराप्रभृतिनरके वाणज्योतिष्क भवनदेवदेवीनां।
शेषस्त्रीणां पर्याप्तेषु उपशमं वेदक भवति ॥

अन्वयार्थ - **(सक्करपहुदीणरये)** शर्करा आदि पृथ्वी के नारकियों में अर्थात् दूसरी पृथ्वी से सातवीं पृथ्वी के नरक के नारकियों के तथा **(वणजोइसभवणदेवदेवीणं)** व्यंतर, ज्योतिष्क वासी और भवनवासी देव देवियों के और **(सेसत्थीणं)** शेष सभी स्त्रियों के **(पज्जत्तेसुवसम्मं)** पर्याप्त अवस्था में ही उपशम सम्यक्त्व तथा **(वेदगं)** वेदक सम्यक्त्व **(होइ)** होता है।

भावार्थ - दूसरी पृथ्वी से सातवीं पृथ्वी तक भवनवासी, व्यंतर, ज्योतिष्कवासी देव देवियों तथा शेष स्त्रियों के अर्थात् कल्पवासी देवियों, मनुष्यनियों तिर्यंचनियों के पर्याप्त अवस्था में ही उपशम तथा वेदक सम्यक्त्व होता है। अपर्याप्त अवस्था में नहीं, क्योंकि इन स्थानों में कोई भी जीव सम्यक्त्व सहित उत्पन्न नहीं होता है तथा भवनत्रिक, देवदेवी, कल्पवासी देवियों में उत्पन्न होने वाला जीव पूर्व पर्याय में सम्यक्त्व के साथ मरण नहीं करता है।

कम्मभूमिजतिरिक्खे वेदगसम्मत्तमुवसमं च हवे।
सव्वेसिं सण्णीणं अपजत्ते णत्थि वेभंगो ॥48॥

कर्मभूमिजतिरश्चि वेदकसम्यक्त्वमुपशमं च भवेत्।
सर्वेषां संज्ञिनां अपर्याप्ते नास्ति विभंगः ॥

अन्वयार्थ - (**कम्मभूमिजतिरिक्खे**) कर्म भूमिज तिर्यञ्चों के (**वेदगसम्मत्तमुवसमं च**) वेदक सम्यक्त्व और उपशम सम्यक्त्व (**हवे**) होता है। (**सव्वेसिं**) सभी (**सण्णीणं**) संज्ञी जीवों के (**अपजत्ते**) अपर्याप्त अवस्था में (**वेभंगो**) विभंगावधि ज्ञान (**णत्थि**) नहीं होता है।

भावार्थ - कर्म भूमिज तिर्यंचों के पर्याप्त अवस्था में ही सम्यक्त्व होता है अपर्याप्त अवस्था में कोई भी सम्यक्त्व नहीं होता है पर्याप्त अवस्था में वेदक तथा प्रथमोपशम सम्यक्त्व ही होता है अन्य नहीं। संज्ञी जीवों के अपर्याप्त अवस्था में विभंगावधि ज्ञान नहीं होता है क्योंकि विभंगावधि ज्ञान पर्याप्त अवस्था में ही होता है।

णिरये इयरगदी सुहलेसतिथीपुंसरागदेसजमं।
मणपज्जवसमचरियं खाइयसम्मूणखाइया ण हवे ॥49॥

नरके इतरगतयः शुभलेश्यात्रयस्त्रीपुंससरागदेशयमं।
मनःपर्ययशमचारित्रं क्षायिकसम्यक्त्वोनक्षायिका न भवन्ति ॥

अन्वयार्थ - (**णिरये**) नरक गति में (**इयरगदी**) नरकगति को छोड़कर अन्य तीन गति (**सुहलेसति**) तीन शुभ लेश्या अर्थात् पीत, पद्म और शुक्ल लेश्या (**थी**) स्त्री वेद (**पुं**) पुरुष वेद (**सराग**) सराग चारित्र (**देसजमं**) देशसंयम (**मणपज्जवसमचरियं**) मनः पर्यय ज्ञान उपशम

चारित्र (खाइयसम्मूणखाइया) क्षायिक सम्यक्त्व को छोड़कर शेष क्षायिक भाव (ण हवे) नहीं होते हैं।

भावार्थ - नरक गति में तिर्यञ्च गति, मनुष्यगति, देवगति, तीन शुभ लेश्या, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, सराग चारित्र, देश संयम, मनःपर्ययज्ञान, उपशम चारित्र, क्षायिक चारित्र, क्षायिक दानादिपाँच लब्धियाँ, केवलज्ञान और केवल दर्शन ये बीस भाव नहीं होते हैं। शेष तेतीस भाव होते हैं वे तेतीस भाव इस प्रकार हैं - उपशम सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, कुज्ञान 3, ज्ञान 3, दर्शन 3, क्षायोपशम लब्धि 5, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, नरकगति, क्रोधादि कषाय 4, नपुंसकवेद, अशुभ लेश्या 3, मिथ्यादर्शन, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणामिक भाव 3।

पढमदुगे कावोदा तदिए कावोदनील तुरिय अइनीला।
पंचमणिरये नीला किण्णा य सेसगे किण्हा ॥50॥

प्रथमद्विके कापोता तृतीये कापोतनीले तुर्येऽतिनीला।
पंचमनरके नीला कृष्णा च शेषके कृष्णा ॥

अन्वयार्थ - (पढमदुगे) प्रथम और दूसरे नरक में (काबोदा) कापोत लेश्या (तदिए) तीसरे नरक में (काबोदनील) कापोत और नील लेश्या (तुरिय) चौथे नरक में (अइनीला) उत्कृष्ट नील लेश्या (पंचमणिरये) पाँचवें नरक में (नीला किण्णा) नील कृष्ण लेश्या (य) और (सेसगे) शेष नरकों में अर्थात् छठवें सातवें नरक में(किण्हा) कृष्ण लेश्या होती है।

भावार्थ -पहली पृथ्वी में कापोत लेश्या का जघन्य अंश, दूसरी पृथ्वी में कापोत का मध्यम अंश, तीसरी पृथ्वी में कापोत का उत्कृष्ट अंश और नीललेश्या का जघन्य अंश, चौथी में नील का मध्यम अंश, पाँचवीं में नील का उत्कृष्ट अंश एवं कृष्ण लेश्या का जघन्य अंश, छठी में कृष्णलेश्या का मध्यम अंश एवं सातवीं में कृष्ण लेश्या का उत्कृष्ट अंश पाया जाता है।

इसमें विशेषता यह है कि उत्कृष्ट नील लेश्या पंचम नरक में ही होती है चौथे नरक में मध्यम नील लेश्या होती है किन्तु चौथी पृथ्वी में जो अति

नील शब्द का प्रयोग हुआ है। यहाँ यह अभिप्राय ज्ञात होता है कि चौथी पृथ्वी में तीसरी पृथ्वी की अपेक्षा अधिक संक्लेश रूप परिणाम होते हैं - इस अपेक्षा से आचार्य महाराज ने यहाँ पर "अति नील" शब्द प्रयोग किया है। अन्यथा अन्य आचार्यों प्रणीत ग्रन्थों से मत-भिन्न होने की संभावना उत्पन्न होती है।

विदियादिसु छ सु पुढ विसु एवं णवरि असंजदट्ठाणे।
खाइयसम्मं णत्थि हु सेसं जाणाहि पुव्वं व ॥51॥

द्वितीयादिषु षट्सु पृथिवीषु एवं णवरि असंयतस्थाने।
क्षायिकसम्यक्त्वं नास्ति हि शेषं जानीहि पूर्ववत् ॥

अन्वयार्थ - (एवं) इस प्रकार (विदियादिसु) दूसरी आदि (छ सु) छह (पुढ विसु) पृथ्वियों में (णवरि) विशेषता यह है कि (असंजदट्ठाणे) असंयत गुणस्थान में (खाइयसम्मं) क्षायिक सम्यक्त्व (णत्थि) नहीं होता है। (सेसं) शेष कथन (पुव्वं व जाणाहि) पूर्ववत् अर्थात् प्रथम नरक के समान जानना चाहिए।

भावार्थ - दूसरी पृथ्वी से सातवीं पृथ्वी तक के नारकियों के असंयत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान में क्षायिक सम्यक्त्व नहीं होता क्योंकि जिसने पूर्व में नरक आयु का बंध कर लिया ऐसे बद्धायुष्यक जीव का क्षायिक सम्यक्त्व होने पर प्रथम नरक से आगे जन्म नहीं होता है अतः क्षायिक सम्यक्त्व का सद्भाव दूसरी पृथ्वी से सातवीं पृथ्वी तक संभव नहीं है। दूसरी से सातवीं पृथ्वी तक पर्याप्त अवस्था में उपशम एवं वेदक सम्यक्त्व हो सकता है।

सामण्णणारयाणमपुण्णाणं घम्मणारयाणं च।
वेभंगुवसमसम्मं ण हि सेसअपुण्णगे दु पढमगुणं ॥52॥

सामान्यनारकाणामपूर्णानां घम्मानारकाणां च।
वेभंगोपशमसम्यक्त्वं न हि शेषापूर्णके तु प्रथमगुणस्थानं।

अन्वयार्थ - (सामण्णणारयाणमपुण्णाणं) सामान्य से नारकियों के अपर्याप्त अवस्था में (च) तथा (घम्मणारयाणं) प्रथम नरक के नारकियों के अपर्याप्त अवस्था में (वेभंगुवसमसम्मं) विभंगावधि और उपशम सम्यक्त्व (ण हि) नहीं होता है (सेसअपुण्णगे) शेष अर्थात् दूसरी आदि

पृथ्वी के नारकियों की अपर्याप्त अवस्था में (पढमगुण) प्रथम गुणस्थान ही होता है।

भावार्थ- सभी नारकियों के अपर्याप्त अवस्था में विभंगावधि ज्ञान एवं उपशम सम्यक्त्व नहीं होता है। प्रथम नरक के नारकियों की अपर्याप्त अवस्था में पहला और चौथा ये दो गुणस्थान तथा शेष दूसरी आदि सभी पृथ्वियों में अपर्याप्त अवस्था में पहला मिथ्यात्व गुणस्थान ही होता है।

इति नरक-रचना

संदृष्टि नं. 2

सामान्य नरक रचना {33 भाव}

नरक गति में पर्याप्त अवस्था में 33 भाव होते हैं। जो इस प्रकार हैं - उपशम सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, कुज्ञान 3, ज्ञान 3, दर्शन 3, क्षायोपशमिक लब्धि 5, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, नरकगति, कषाय 4, नपुंसक लिंग, अशुभ लेश्या 3, मिथ्यात्व, असंयम अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणामिक भाव 3 । गुणस्थान आदि के चार होते हैं गुणस्थानों में भाव आदि का कथन इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
1. मिथ्यात्व	(2) {मिथ्यात्व, अभव्यत्व}	{26} {चक्षुदर्शन, अचक्षु दर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरक गति, कृष्ण, नील, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग अज्ञान, असिद्धत्व, मिथ्यात्व, असंयम, चार कषाय, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व}	{7} {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, क्षयोपशमिक सम्यक्त्व, अवधि दर्शन}

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
2. सासादन	{3} {कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान}	{24} {चक्षु, अचक्षु, दर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कृष्ण, नील, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग अज्ञान, असिद्धत्व असंयम, चार कषाय, जीवत्व, भव्यत्व }	{9}{औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, क्षयोपशम सम्यक्त्व, अवधि दर्शन, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}
3. मिश्र	{0}	{25} {चक्षु अचक्षु अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरक गति, कृष्ण, नील, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, अज्ञान, असिद्धत्व असंयम, चार कषाय, जीवत्व, भव्यत्व, मति-कुमति, श्रुत-कुश्रुत, अवधि-कुअवधि} तीन मिश्र ज्ञान	(8) {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, अभव्यत्व, कुज्ञान 3 - मिश्रज्ञान 3 }
4. अविरत	{5} {नरकगति, कृष्ण, नील, कापोत लेश्या असंयम }	{28} {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु , अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कृष्ण, नील, कपोत लेश्या, नपुंसक लिंग, अज्ञान, असिद्धत्व असंयम, चार कषाय, जीवत्व, भव्यत्व}	(5) {कुमति, कुश्रुत कुअवधि ज्ञान, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

संदृष्टि नं. 3
सामान्यनरक अपर्याप्त भाव {31}

नरक गति में अपर्याप्त अवस्था में 31 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - क्षायिक सम्यक्त्व, कुज्ञान2, ज्ञान3, दर्शन 3, लब्धि 5, वेदक सम्यक्त्व, नरकगति, कषाय 4, नपुंसक लिंग, अशुभ लेश्या 3, मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणामिक भाव 3। मिथ्यात्व और असंयत ये गुणस्थान दो होते हैं। भाव आदि का कथन नरक गति की पर्याप्त अवस्था वत् जानना चाहिए। विशेषता यह है कि अपर्याप्त अवस्था में विभंगावधि ज्ञान न होने से मिथ्यात्व गुणस्थान में 25 भाव होते हैं तथा मिथ्यात्व गुणस्थान में ही कृष्ण नील लेश्या की व्युच्छिति हो जाने से एवं उपशम सम्यक्त्व का अभाव होने से चौथे गुणस्थान में 25 भाव होते हैं।

गुणस्थान	भाव व्युच्छिति	भाव	अभाव
1. मिथ्यात्व	(6) {मिथ्यात्व अभव्यत्व, कृष्ण, नील लेश्या, कुमति कुश्रुत ज्ञान }	{25} {चक्षु अचक्षु दर्शन, कुमति, कुश्रुत ज्ञान, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कृष्ण, नील कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय अज्ञान, असिद्धत्व, मिथ्यात्व, असंयम, जीवत्व भव्यत्व अभव्यत्व}	(6) {क्षायिक सम्यक्त्व,मति, श्रुत अवधि ज्ञान, क्षयोपशमिक सम्यक्त्व, अवधिदर्शन }
4. अविरत	{3} {नरक गति, कापोत लेश्या, असंयम}	{25} {क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, चक्षु अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, नरक गति, कापोत लेश्या,नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व भव्यत्व}	(6) {कुमति कुश्रुत ज्ञान, कृष्ण, नील लेश्या, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

संदृष्टि नं. 4
घम्मा पृथ्वी {31 भाव}

सामान्य नरक में कहे गये 33 भावों में से कृष्ण, नील, लेश्या कम करने पर प्रथम नरक में 31 भाव होते हैं क्योंकि यहां कृष्ण, नील, लेश्या का अभाव रहता है। घम्मा पृथ्वी में आदि के चार गुण स्थान ही होते हैं।

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
1. मिथ्यात्व	{2} {मिथ्यात्व, अभव्यत्व}	{24} {चक्षु अचक्षु दर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि भाव, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, मिथ्यात्व, जीवत्व भव्यत्व, अभव्यत्व}	(7) {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधिज्ञान, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व}
2. सासादन	{3} {कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान}	{22} {चक्षु, अचक्षु दर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व, भव्यत्व}	(9) {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधिज्ञान, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
3. मिश्र	{0}	{23} {चक्षु अचक्षु अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व, भव्यत्व, मति कुमति, श्रुत कुश्रुत अवधि कुअवधि तीन मिश्र ज्ञान }	(8) {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, अभव्यत्व + कुज्ञान + 3 मिश्रज्ञान}
4. अविरत	{3} [नरक गति, कापोत लेश्या, असंयम]	{26} {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधिज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व भव्यत्व}	{5}{कुमति कुश्रुत कुअवधि ज्ञान, मिथ्यात्व अभव्यत्व}

संदृष्टि नं. 5

धम्मा अपर्याप्त (29 भाव)

सामान्य नरक रचना में कहे 33 भावों में से उपशम सम्यक्त्व, कुअवधि ज्ञान, कृष्ण नील लेश्या के अभाव में 29 भाव ही होते हैं। गुणस्थान मिथ्यात्व और अविरत दो ही होते हैं।

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
1. मिथ्यात्व	{4} {मिथ्यात्व अभव्यत्व, कुमति, कुश्रुत ज्ञान}	{23} {चक्षु, अचक्षु दर्शन, कुमति, कुश्रुत ज्ञान, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, मिथ्यात्व, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व}	(6){क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, अवधिदर्शन, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व}
2. अविरत	{3} {नरक गति, कापोत लेश्या, असंयम }	{25} {क्षायिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशम सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व, भव्यत्व}	(4) {कुमति, कुश्रुत ज्ञान, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

संदृष्टि नं. 6

वंशा पृथ्वी भाव {30}

नोट-दूसरी पृथ्वी से सातवीं पृथ्वी तक पर्याप्त और अपर्याप्त अवस्था में क्षायिक सम्यग्दर्शन नहीं होता है तथा अपर्याप्त अवस्था में पहला गुणस्थान ही होता है।
वंशा - वंशा पृथ्वी में घम्मा पृथ्वी में कहे गये 31 भावों में से क्षायिक सम्यक्त्व बाद करनेपर 30 भाव होते हैं वे इस प्रकार हैं - औपशमिक सम्यक्त्व, कुज्ञान 3, ज्ञान 3, दर्शन 3, क्षायोपशमिक लब्धि 5, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, नरकगति, कषाय 4, नपुंसक लिंग, कापोत लेश्या, मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणामिक 3 भाव। इस पृथ्वी में केवल क्षायिक सम्यक्त्व भाव का अभाव होता है। शेष कथन घम्मा पृथ्वी के समान ही जानना चाहिए। संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
1. मिथ्यात्व	{2} {मिथ्यात्व, अभव्यत्व}	{24} {चक्षु अचक्षु दर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, मिथ्यात्व, जीवत्व भव्यत्व, अभव्यत्व}	(6) {औपशमिक सम्यक्त्व , मति, श्रुत अवधि ज्ञान, अवधि दर्शन, क्षयोपशमिक सम्यक्त्व}
2. सासादन	{3} {कुमति, कुश्रुत , कुअवधि ज्ञान}	{22} {चक्षु अचक्षु दर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति, कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान, असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व, भव्यत्व}	(8) {औपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, अवधि दर्शन, क्षयोपशम सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
3. मिश्र	{0}	{23} {चक्षु अचक्षु अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति,कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व, भव्यत्व, मति-कुमति, श्रुत - कुश्रुत अवधि - कुअवधि तीन मिश्र ज्ञान }	(7) {औपशमिक सम्यक्त्व , मति, श्रुत अवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, अभव्यत्व + कुज्ञान 3 - 3 मिश्रज्ञान}
4. अविरत	{3} {नरक गति, कापोत लेश्या, असंयम }	{25} {औपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधिदर्शन, क्षयोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, नरकगति,कापोत लेश्या, नपुंसक लिंग, चार कषाय, अज्ञान असिद्धत्व, असंयम, जीवत्व, भव्यत्व}	(5) [कुमति, कुश्रुत कुअवधि ज्ञान, मिथ्यात्व अभव्यत्व]

सदृष्टि नं. 7
मेघा पृथ्वी भाव (31)

मेघा - मेघा पृथ्वी का कथन वंशा पृथ्वी के ही समान ही जानना चाहिए केवल वंशा पृथ्वी में कथित 30 भावों में यहां नील लेश्या और जोड़ देने पर 31 भाव होते हैं। इस पृथ्वी में आदि के चार गुणस्थानों का सद्भाव जानना चाहिए। इनकी संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	2	25	6
सासादन	3	23	8
मिश्र	0	24	7
अविरत	4	26	5

संदृष्टि नं. 8
अंजना पृथ्वी भाव (30)

अंजना - अंजना पृथ्वी का कथन वंशा पृथ्वी के ही समान जानना चाहिए। वंशा पृथ्वी में ग्रहीत कापोत लेश्याके स्थान पर यहाँ अंजना पृथ्वी में नील लेश्या का ग्रहण करना चाहिए। शेष समस्त भाव प्रणाली वंशा सदृश जानना चाहिए। गुणस्थान आदि के चार जानना चाहिए। संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	2	24	6
सासादन	3	22	8
मिश्र	0	23	7
अविरत	4	25	5

संदृष्टि नं. 9

अरिष्टा भाव (31)

अरिष्टा - अरिष्टा पृथ्वी का कथन वंशा पृथ्वी के ही समान है। केवल यहां पर कापोत लेश्या के स्थान पर नील लेश्या एवं कृष्ण लेश्या ग्रहण करना चाहिए। इसमें ३१ भाव होते हैं इस पृथ्वी में आदि के चार गुणस्थानों का सद्भाव जानना चाहिए। संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	2	25	6
सासादन	3	23	8
मिश्र	0	24	7
अविरत	4	26	5

संदृष्टि नं. 10

मघवा-मघवी भाव (30)

मघवी-माघवी - इन दोनों पृथ्वियों का कथन भी वंशा पृथ्वी के ही समान है मात्र कापोत लेश्या के स्थान पर कृष्ण लेश्या ग्रहण करना चाहिए। भाव ३० होते हैं। इस पृथ्वी में आदि के चार गुणस्थानों का सद्भाव जानना चाहिए। संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	2	24	6
सासादन	3	22	8
मिश्र	0	23	7
अविरत	3	25	5

संदृष्टि नं. 11

षण्णारकापर्याप्त (2-7 पृथ्वी की अपर्याप्त अवस्था) भाव {23}

दूसरी पृथ्वी से सातवीं पृथ्वी तक अपर्याप्त अवस्था में 23 भाव होते हैं। गुणस्थान एक मिथ्यात्व होता है। 23 भाव इस प्रकार हैं - कुज्ञान2, दर्शन 2, क्षायोपशमिक लब्धि 5, नरकगति, कषाय 4, नपुंसकलिंग, विवक्षित कोई एक लेश्या (कृष्ण, नील कापोत में से), मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणामिक भाव 3, संदृष्टि इस प्रकार है।

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	सत्व	अभाव
मिथ्यात्व	8	23 (उपर्युक्त)	0

सासणठि अऽणाणदुगं असंजदठियकिण्हनीललेसदुगो
मिच्छ मभव्वं च तहा मिच्छाइट्ठि म्मि वुच्छे दो ॥53॥

सासादनस्थिताज्ञानद्विकं असंयतस्थितकृष्णनीललेश्याद्विकं ।
मिथ्यात्वमभव्यत्वं च तथा मिथ्यादृष्टौ व्युच्छेदः ॥

अन्वयार्थ - निर्वृत्यपर्याप्त अवस्था में भोगभूमिज तिर्यंच के (सासणठि अऽणाणदुगं) सासादन गुणस्थान में दो अज्ञान अर्थात् कुमति ज्ञान, कुश्रुत ज्ञान (असंजदठि यकिण्हनीललेसदुगं)तथा चौथे गुणस्थान में स्थित कृष्ण नील लेश्यायों की सासादन गुणस्थान में व्युच्छि त्ति हो जाती है (मिच्छाइट्ि ठम्मि) मिथ्यात्व गुणस्थान में (मिच्छ मभव्वं च) मिथ्यात्व और अभव्यत्व की (वुच्छे दो) व्युच्छि त्ति होती है।

भावार्थ -निर्वृत्यपर्याप्त अवस्था में भोगभूमिज तिर्यंच के 31 भाव होते हैं गुणस्थान प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ ये तीन होते हैं। इन 31 भावों में से प्रथम गुणस्थान में मिथ्यात्व और अभव्यत्व इन दो भावों की, दूसरे गुणस्थान में कुमतिज्ञान, कुश्रुत ज्ञान, कृष्ण लेश्या एवं नील लेश्या इन चार भावों की व्युच्छि ति हो जाती है - कारण यह है कि निवृत्यपर्याप्तक चतुर्थ गुणस्थान वर्ती भोग भूमिज तिर्यंच के कृष्ण, नील लेश्या का सद्भाव नहीं पाया जाता है - वहाँ कापोत लेश्या का जघन्य अंश पाया जाता है किन्तु पर्याप्त होते ही शुभ लेश्याये हो जाती हैं तथा चौथे गुणस्थान में

कापोत लेश्या, असंयम एवं तिर्यंचगति इन तीन की व्युच्छित्ति हो जाती है।

टिप्पण - 1. भोगभूमिजतिर्यङ्निर्वृत्यपर्याप्तस्य सासादनगुणे तत्रस्थ-मतिश्रुताज्ञान द्वयस्य असंयतस्थित कृष्णनीललेश्याद्विकस्य च व्युच्छेदः। इत्यस्याः पूर्वार्धगाथाया भावः।

कम्मभूमिजतिरिक्खे अण्णगदीतिदयखाइया भावा।
मणपज्जवसमचरणं सरागचरियं च णेवत्थि ॥54॥

कर्मभूमिजतिरश्चि अन्यगतित्रितयक्षायिका भावाः।
मनःपर्ययशमचरणं सरागचारित्रं च नैवास्ति ॥

अन्वयार्थ - (**कम्मभूमिजतिरिक्खे**) कर्म भूमिज तिर्यञ्चों में (**अण्णगदीतिदयखाइया भावा**) तिर्यञ्च गति को छोड़कर अन्यतीन गतियाँ, क्षायिक भाव, (**मणपज्जवसमचरणं**) मनः पर्ययज्ञान, उपशमचारित्र (**च**) और (**सरागचरियं**) सरागचारित्र (**णेवत्थि**) नहीं होता है।

संदृष्टि नं. 12

कर्म भूमिज तिर्यञ्च पर्याप्त (38 भाव)

कर्म भूमिज तिर्यंचों के पर्याप्त अवस्था में 38 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - उपशम सम्यक्त्व, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक पांच लब्धि, संयमासंयम, तिर्यञ्च गति, क्रोध, मान, माया लोभ, कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, मिथ्यादर्शन, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, चक्षु दर्शन अचक्षु दर्शन, अवधिदर्शन, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, नपुंसक लिंग, भव्यत्व, अभव्यत्व, जीवत्व, गुणस्थान आदि के पाँच होते हैं संदृष्टि इस प्रकार है।

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	{2} {मिथ्यात्व अभव्यत्व}	{31} {चक्षु अचक्षु दर्शन, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यञ्चगति, क्रोध, मान, माया, लोभ, कृष्ण नील कपोत, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, मिथ्यात्व,	(7){औपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, अवधि दर्शन, क्षयोपशमिक सम्यक्त्व, संयमासंयम}

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
		लिंग तीन, असिद्धत्व, असंयम, अज्ञान, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व}	
सासादन	{3}{कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान}	{29} {कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, चक्षु अचक्षु दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यंचगति, क्रोध, मान, माया लोभ, 3 लिंग कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म शुक्ल लेश्या, असिद्धत्व, असंयम, अज्ञान, जीवत्व, भव्यत्व}	(9) {औपशमिक, सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधिज्ञान, अवधिदर्शन, संयमासंयम, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}
मिश्र	{0}	{30} {तीन मिश्र - ज्ञान, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन अवधिदर्शन, - क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यंच गति, क्रोध, मान, माया, लोभ, 3 लिंग, कृष्ण नील कापोत पीत पद्म, शुक्ल लेश्या, असिद्धत्व, असंयम, अज्ञान, जीवत्व भव्यत्व}	(8) {औपशमिक सम्यक्त्व , क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, संयमासंयम, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
अविरत	{4} {कृष्ण, नील, कापोत, लेश्या, असंयम}	{32} {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधिज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधिदर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यञ्चगति, क्रोध,मान, माया, लोभ,तीन लिंग, लेश्या 6, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व}	(6) {कुमति, कुश्रुत कुअवधि ज्ञान, संयमासंयम, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}
देशविरत	{2} (संयमासंयम, तिर्यंच गति)	{29} {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधि ज्ञान चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, संयमासंयम, तिर्यंच गति, क्रोध, मान माया लोभ, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, नपुंसक लिंग, पीत पद्म, शुक्ल लेश्या असंयम, असिद्धत्व,जीवत्व, भव्यत्व}	(9) {कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान,कृष्ण, नील कापोत, लेश्या असंयम, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

तेसिमपज्जत्ताणं सण्णाणतिगोहिदंसणं च वेभंगं ।
वेदगमुवसमसम्मं देसचरित्तं च णेवत्थि ॥55॥

तेषामपर्याप्तानां सज्ज्ञानत्रिकावधिदर्शनं विभंगः ।
वेदकमुपशमसम्यक्त्वं देशचारित्रं नैवास्ति ॥

अन्वयार्थ - (तेसिमपज्जत्ताणं) उन्हीं की अर्थात् कर्मभूमिज तिर्यञ्चों की अपर्याप्त अवस्था में (सण्णाणतिगोहिदंसणं) तीन सम्यग्ज्ञान अवधिदर्शन (च) और (वेभंगं) विभंगावधि ज्ञान (वेदगमुवसमसम्मं) वेदक सम्यक्त्व, उपशमसम्यक्त्व (च) और (देसचरित्तं) देश चारित्र (णेवत्थि) नहीं होता है।

भावार्थ -कर्मभूमिज तिर्यंच की अपर्याप्त अवस्था में तीन सम्यग्ज्ञान, विभंगावधि ज्ञान, अवधिदर्शन, वेदक सम्यक्त्व, देश संयम, उपशम सम्यक्त्व नहीं होता क्योंकि अपर्याप्त अवस्था में सम्यग्दर्शन के साथ तिर्यंच गति में उत्पन्न होने का अभाव है।

संदृष्टि नं. 13

कर्मभूमिज अपर्याप्त तिर्यञ्च भाव (30)

अपर्याप्त कर्म भूमिज तिर्यञ्च के 30 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - कुमति, कुश्रुत ज्ञान, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यंच गति, कोध, मान, माया, लोभ, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, नपुंसक लिंग, कृष्ण, नील, कापोत, पीत पद्म, शुक्ल लेश्या, मिथ्यादर्शन, असंयम अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व। गुणस्थान आदि के दो होते हैं संदृष्टि निम्न प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	{2} मिथ्यात्व अभव्यत्व	{30} उपर्युक्त कहे गये समस्त भाव जानना चाहिए।	(0)

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
सासादन	{2} {कुमति, ज्ञान, कुश्रुत ज्ञान}	{28} {कुमति, कुश्रुत ज्ञान चक्षु, अचक्षु दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यञ्चगति, क्रोध, मान, माया, लोभ, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, नपुंसक लिंग, कृष्ण नील, कापोत, पीत पद्म शुक्ल लेश्या असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व भव्यत्व}	(2){मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

एवं भोगजतिरिए पुण्णे किण्हतिलेस्सदेसजमं ।
थीसंढं ण हि तेसिं खाइयसम्मत्तमत्थित्ति ॥56॥

एवं भोगजतिरश्चि पूर्णे कृष्णत्रिलेश्यादेशसंयमं ।
स्त्रीषण्ढं न हि तेषां क्षायिकसम्यक्त्वमस्तीति ॥

अन्वयार्थ - **(एवं)** इसी प्रकार **(भोगजतिरिए)** भोगभूमिज तिर्यञ्चों के **(पुण्णे)** पर्याप्त अवस्था में **(किण्हतिलेस्स)** कृष्णादितीन लेश्याएँ, **(देसजमं)** देशसंयम, **(थीसंढं)** स्त्रीवेद, नपुसंकवेद **(ण हि)** नहीं होता है **(तेसिं)** उनके **(खाइयसम्मत्तमत्थित्ति)** क्षायिक सम्यक्त्व होता है।

भावार्थ - भोग भूमिज पुरुषवेदी तिर्यंच के पर्याप्त अवस्था में कृष्णादि तीन लेश्याएं, देश संयम, स्त्रीवेद, नपुंसक वेद नहीं होता है तथा उनके क्षायिक सम्यक्त्व होता है। इस कथन का खुलासा इस प्रकार है भोग भूमि में पर्याप्त अवस्था में तीन शुभ लेश्याएँ ही होती हैं अतः कृष्णादि लेश्याओं का अभाव कहा गया है। जिस मनुष्य ने पहले अशुभ परिणामों के निमित्त से तिर्यंच आयु का बंध कर लिया है बाद में उसने केवली या श्रुतकेवली के पादमूल में क्षायिक सम्यक्त्व प्राप्त किया तो वह जीव मरकर भोग भूमि के

तिर्यंच में उत्पन्न होगा। अतः इस प्रकार भोग भूमि के तिर्यंचों के क्षायिक सम्यग्दर्शन का सद्भाव पाया जाता है।

संदृष्टि नं. 14

पर्याप्त भोगभूमिज तिर्यञ्च भाव (33)

पर्याप्त भोग भूमिज तिर्यञ्च के 33 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक सम्यक्त्व, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि, मति, श्रुत, अवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पांच लब्धि, तिर्यञ्च गति, क्रोध, मान, माया लोभ, पुल्लिंग, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व। गुणस्थान आदि के चार होते हैं। संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	{1} {मिथ्यात्व, अभव्यत्व}	{26} {कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, चक्षु अचक्षु दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यञ्चगति, क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय, पुल्लिंग, पीत पद्म शुक्ल लेश्या मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व}	(7){क्षायिक सम्यक्त्व, औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत अवधि ज्ञान, अवधि दर्शन}
सासादन	{3}{कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान}	{24} {कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यंच गति, क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय, पुल्लिंग, पीत पद्म शुक्ल लेश्या, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व भव्यत्व}	(9) {क्षायिक सम्यक्त्व, औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधि ज्ञान, अवधिदर्शन, मिथ्यात्व, अभव्यत्व + कुज्ञान 3 - मिश्रज्ञान 3 }

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिश्र	{0}	{25} {उपर्युक्त 24 भाव + अवधि दर्शन + तीन मिश्र ज्ञान-तीन कुज्ञान}	(8) {उपर्युक्त नौ भाव - अवधि दर्शन + कुज्ञान 3 - मिश्र ज्ञान 3}
अविरत	{2} (असंयम, तिर्यञ्चगति)	{28} {क्षायिक सम्यक्त्व, औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यंचगति, क्रोध, मान, माया, लोभ, कषाय, पुल्लिंग, पीत पद्म, शुक्ल लेश्या असंयम, अज्ञान असिद्धत्व, जीवत्व भव्यत्व}	(5) {कुमति, कुश्रुत कुअवधि ज्ञान, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

णिव्वत्तिअपज्जत्ते अवणिय सुहलेस्स किण्हतिहजुत्ता।
वेभंगुवसमसम्मं ण हि अयदे अवरकावोदा ॥57॥

निर्वृत्यपर्याप्ते अपनीय शुभलेश्याः कृष्णात्रिकयुक्ताः।
विभंगोपशमसम्यक्त्वं न हि अयते अवरकापोता ॥

अन्वयार्थ - भोगभूमिज पुरुषवेदी तिर्यञ्चों की (णिव्वत्तिअपज्जते) निर्वत्यपर्याप्त अवस्था में (सुहलेस्स) तीन शुभलेश्याएँ (अवणिय) रहित अर्थात् तीन शुभ लेश्याएँ नहीं होती हैं (किण्हतिहजुत्ता) कृष्णादि तीन अशुभ लेश्याएँ पायी जाती हैं । (वेभंगुवसमसम्मं) विभंगावधि और उपशम सम्यक्त्व (ण हि) नहीं भी होता है (अयदे) चौथे गुणस्थान में

(अवरकावोदा) जघन्य कापोत लेश्या होती है।

भावार्थ - भोग भूमि के तिर्यंचों के पर्याप्त अवस्था में 33 भाव होते हैं। निर्वृत्य पर्याप्त अवस्था में तीन शुभ लेश्याओं का अभाव होता है क्योंकि इनके निर्वृत्य पर्याप्त अवस्था में तीन अशुभ लेश्याएँ ही पायी जाती हैं अतः 33 भावों में से तीन शुभ लेश्याएँ कम करके तीन अशुभ लेश्याएं मिला देना चाहिए। तीनों अशुभ लेश्याएँ प्रथम एवं द्वितीय गुणस्थान में ही संभव है चौथे गुणस्थान में केवल कापोत लेश्या का जघन्य अंश पाया जाता है। इनके निर्वृत्य पर्याप्त अवस्था में विभंगावधि ज्ञान एवं उपशम सम्यक्त्व का भी अभाव पाया जाता है।

संदृष्टि नं. 15

भोगभूमिज तिर्यञ्च अपर्याप्त भाव (31)

अपर्याप्त भोग भूमिज तिर्यंच के 31 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - पर्याप्त भोगभूमिज तिर्यंच के 33 भावों में उपशम सम्यक्त्व एवं कुअवधि ज्ञान कम करने पर 31 भाव शेष रहते हैं। गुणस्थान मिथ्यात्व, सासादन और असंयत ये तीन होते हैं संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	{2} (मिथ्यात्व, अभव्यत्व)	{25} {कुज्ञान 2, दर्शन 2, क्षायोपशमिक लब्धि 5, तिर्यंच गति, कषाय 4, पुल्लिंग, अशुभ लेश्या 3 , मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणामिक भाव 3}	(6){क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, ज्ञान 3, अवधिदर्शन}
सासादन	{4}{कुमति , कुश्रुत ज्ञान, कृष्ण, नील लेश्या)	{23} {उपर्युक्त 25 - मिथ्यात्व, अभव्यत्व}	(8) {उपर्युक्त 6 + मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

संदृष्टि नं. 15

भोगभूमिज तिर्यञ्च अपर्याप्त भाव (31)

अपर्याप्त भोग भूमिज तिर्यंच के 31 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - पर्याप्त भोगभूमिज तिर्यंच के 33 भावों में उपशम सम्यक्त्व एवं कुअवधि ज्ञान कम करने पर 31 भाव शेष रहते हैं। गुणस्थान मिथ्यात्व, सासादन और असंयत ये तीन होते हैं संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
अविरत	{3}(कापोत लेश्या, असंयम, तिर्यञ्च गति)	{25} {सम्यक्त्व 2, ज्ञान 3, दर्शन 3, क्षायोपशमिक लब्धि 5, तिर्यंचगति, कषाय4, पुल्लिंग 1, कापोत लेश्या, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व}	(6) {कुमति, कुश्रुत ज्ञान, मिथ्यात्व अभव्यत्व, कृष्ण, नील लेश्या}

लद्धिअपुण्णतिरिक्खे वामगुणट्ठाणभावमज्झम्मि ।
थीपुंसिदरगदीतिग सुहतियलेस्सा ण वेभंगो ॥58॥

लब्ध्यपूर्णतिरश्चि वामगुणस्थानभावमध्ये ।
स्त्रीपुंसितरगतित्रिकं शुभत्रिकलेश्या न विभंगः ॥

अन्वयार्थ - (लद्धिअपुण्णतिरिक्खे) लब्ध्यपर्याप्त तिर्यञ्चों के (वामगुणट्ठाणभावमज्झम्मि) मिथ्यात्व गुणस्थान रूप भाव में (थीपुंसिदरगदीतिग) स्त्रीवेद, पुरुषवेद, तिर्यञ्च गति से अन्य तीन गतियाँ (सुहतियलेस्सा) तीन शुभ लेश्याएँ (वेभंगो) विभंगावधि ज्ञान (ण) नहीं होता है।

विशेषार्थ -गाथा में आगत 'वाम' शब्द का विपरीत अर्थ ग्रहण करना चाहिए। प्रसङ्ग में मिथ्यात्व गुणस्थान ग्रहण जानना चाहिए।

संदृष्टि नं. 16

लब्धपर्याप्तक तिर्यञ्च (25 भाव)

लब्ध पर्याप्तक तिर्यञ्च के 25 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - कुमति, कुश्रुत ज्ञान, चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यंचगति, क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय नपुंसक लिंग, कृष्ण, नील, कापोत लेश्या, मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व, - इनके मात्र एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही होता है । संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	{0}	{25} उपर्युक्त 25 भाव ही जानना चाहिए ।	(0)

भोगजतिरिइत्थीणं अवणिय पुंवेदमित्थिसंजुत्तं ।
तासिं वेदगसम्मं उवसमसम्मं च दो चेव ॥59॥

भोगजतिर्यक्स्त्रीणां अपनीय पुंवेदं स्त्रीसंयुक्तं ।
तासां वेदकसम्यक्त्वं उपशमसम्यक्त्वं च द्वे चैव ॥

अन्वयार्थ - **(भोगजतिरिइत्थीणं)** स्त्रीवेदी भोग भूमिज तिर्यञ्चों के पर्याप्त अवस्था में **(पुंवेदं अवणिय)** पुरुषवेद को कम करके अर्थात् छोड़कर **(इत्थिसंजुत्तं)** स्त्रीवेद मिलाकर **(तासिं)** उनके **(वेदगसम्मं)** वेदकसम्यक्त्व **(च)** और **(उवसमसम्मं)** उपशम सम्यक्त्व **(दो)** ये दो **(चेव)** सम्यक्त्व ही होते हैं।

भावार्थ -भोग भूमिज स्त्रियों में पर्याप्तक अवस्था में पुरुषवेद के 33 भावों में से पुरुष वेद घटाकर स्त्रीवेद मिलाकर तथा स्त्रीवेदियों में क्षायिक सम्यग्दर्शन का अभाव होने से केवल उपशम सम्यक्त्व एवं वेदक सम्यक्त्व ही पाया जाता है।

संदृष्टि नं. 17

भोगभूमिज तिर्यंञ्चनी पर्याप्त (32 भाव)

भोगभूमिज तिर्यञ्चनी पर्याप्त के भोगभूमिज तिर्यञ्चनी पर्याप्त 32 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, कुमति, कुश्रुत,कुअवधि, मति, श्रुत, अवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन, क्षयोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यञ्चगति, क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय, स्त्रीलिंग, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व भव्यत्व, अभव्यत्व। गुणस्थान आदि के चार पाये जाते हैं। संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	{2} {मिथ्यात्व, अभव्यत्व}	{26} {कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, चक्षु अचक्षु दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यंच गति, क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय, स्त्रीलिंग, पीत, पद्म,शुक्ल लेश्या, मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व}	(6){औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधिज्ञान, अवधिदर्शन}
सासादन	{3}{कुमति कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान)	{24} {उपर्युक्त भावों से मात्र मिथ्यात्व और अभव्यत्व अलग करने पर 24 भाव शेष रहते हैं}	(8) {उपर्युक्त 6 भावों में मिथ्यात्व एवं अभव्यत्व जोड़ने से 8 भाव हो जाते हैं}
मिश्र	{0}	{25} {उपर्युक्त 24 + अवधि दर्शन + मिश्रज्ञान }	(7) {उपर्युक्त 8 - अवधिदर्शन, 3 मिश्र ज्ञान+ 3 कुज्ञान}

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
अविरत	{2} {तिर्यञ्च गति, असंयम}	{27} {औपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, मति, श्रुत, अवधि ज्ञान, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, तिर्यंच गति, क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय, स्त्रीलिंग, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व}	(5) {कुमति, कुश्रुत, कुअवधि, मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

तासिमपज्जत्तीणं किण्हातियलेस्स हवंति पुण ।
ण सण्णाणतिगं ओही दंसणसम्मत्तजुगलवेभंगं ॥60॥

तासामपर्याप्तीनां कृष्णत्रिकलेश्या भवन्तिः पुनः ।
न सज्ज्ञानत्रिकं अवधिदर्शनसम्यक्त्वयुगलविभंगं ॥

अन्वयार्थ - (**तासिमपज्जत्तीणं**) उनकी अर्थात् स्त्रीवेदी भोगभूमिज तिर्यञ्च के अपर्याप्त अवस्था में (**किण्हातियलेस्स**) कृष्णादि तीन लेश्याएं (**हवंति**) होती है (**सण्णाणतिगं**) तीन सम्यग्ज्ञान (**ओहीदंसण**) अवधि दर्शन (**सम्मत्तजुगलवेभंगं**) दोनों सम्यक्त्व अर्थात् उपशम, वेदक सम्यक्त्व विभंगावधि ज्ञान (**ण**) नहीं होता है।

भावार्थ -स्त्रीवेदी भोग भूमिज तिर्यंच के निर्वृत्य पर्याप्त अवस्था में कृष्णादि तीन लेश्याएँ ही होती हैं। तीन सम्यग्ज्ञान, अवधि दर्शन, उपशम वेदक सम्यक्त्व और विभंगावधि ज्ञान नहीं होता है। तथा इस अवस्था में मिथ्यात्व और सासादन ये दो गुणस्थान ही होते हैं।

संदृष्टि नं. 18
भोगभूमिज तिर्यञ्चनी अपर्याप्त (25 भाव)

भोगभूमिज तिर्यञ्चनी निर्वृत्यपर्याप्त के 25 भाव होते हैं जो इस प्रकार हैं - कुमति, कुश्रुत ज्ञान, दर्शन 2, क्षायोपशिमक लब्धि 5, तिर्यंचगति, कषाय 4, स्त्रीलिंग, अशुभ लेश्या 3, मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणामिक भाव 3। गुणस्थान आदि के 2 पाये जाते हैं। संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	(2)मिथ्यात्व अभव्यत्व	(25) {उपर्युक्त कथित समस्त भाव}	(0)
सासादन	(2) कुमति ज्ञान, कुश्रुत ज्ञान	(23) {उपर्युक्त 25 - मिथ्यात्व, अभव्यत्व}	(2) {मिथ्यात्व, अभव्यत्व}

मणुवेसिदरगदीतियहीणा भावा हवंति तत्थेव ।
णिव्वत्तिअपज्जत्ते मणदेसुवसमणदुगं ण वेभंगं ॥61॥

मनुष्येष्वितरगतित्रिकहीना भावा भवन्ति तत्रैव ।
निर्वृत्यपर्याप्ते मनोदेशोपशमनद्विकं न विभंगं ॥

अन्वयार्थ - **(मणुवेसिदरगदीतियहीणा)** मनुष्यगति में इतर तीन गतियों से रहित **(भावा)** शेष सम्पूर्ण ५० भाव **(हवंति)** होते हैं **(तत्थेव)** उसी मनुष्य गति में **(णिव्वत्तिअपज्जते)** निर्वृत्यपर्याप्त अवस्था में **(मणदेसुवसमणदुगं)** मनः पर्ययज्ञान, देशसंयम, उपशम सम्यक्त्व, उपशमचारित्र **(वेभंगं)** विभंगावधि ज्ञान ये आठ भाव **(ण)** नहीं होते हैं।

साणे थीसंढच्छिदी मिच्छे साणे असंजदपमत्ते ।
जोगिगुणे दुगचदुचदुरिगिवीसं णवच्छिदी कमसो ॥62॥

सासादने स्त्रीषढच्छित्तिः मिथ्यात्वे सासादने असंयतप्रमत्ते ।
योगिगुणे द्विकचतुःचतुरेकविंशतिः नवच्छित्तिः क्रमशः ॥

अन्वयार्थ - तथा उपर्युक्त निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्था में **(साणे)** सासादन

गुणस्थान में (थीसंढ च्छि दी) स्त्रीवेद, नपुंसकवेद की व्युच्छित्ति हो जाती है। तथा उक्त अवस्था में (मिच्छे) मिथ्यात्व गुणस्थान में (दुग) दो की (साणे) सासादन में (चदु) चार की (असंजद) चौथे गुणस्थान में (चदु) चार की (पमत्ते) प्रमत्त गुणस्थान में (इगिवीसं) इक्कीस की (जोगिगुणे) सयोगकेवली गुणस्थान में (णवच्छिदी) नौ भावों की व्युच्छित्ति होती है।

भावार्थ- इस गाथा का प्रथम चरण गाथा 61 से जुड़ा हुआ है तथा आचार्य महाराज यहाँ यह बतलाना चाहते हैं कि निर्वृत्यपर्याप्त अवस्था में कर्मभूमि के मनुष्यों के मिथ्यात्व, सासादन, असंयत, प्रमत्त संयत और सयोग केवली ये पाँच गुणस्थान होते हैं। 1, 2, 4, 6, और 13 वें गुणस्थान में क्रमशः 2, 4, 4, 21, 9 भावों की व्युच्छित्ति जानना चाहिए। प्रथम गुणस्थान, द्वितीय गुणस्थान व असंयत गुणस्थान में जन्म के समय पर्याप्तियाँ पूर्ण होने के पूर्व प्रमत्त गुणस्थान में आहारक समुद्घात के समय एवं सयोगकेवली के केवली समुद्घात के समय निर्वृत्य पर्याप्त अवस्था होती है।

संदृष्टि नं. 19
कर्म भूमिज पर्याप्त मनुष्य भाव {50}

कर्मभूमिज पर्याप्तक मनुष्य के 50 भाव होते हैं जो इस प्रकार से हैं - औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र, केवल ज्ञान, केवलदर्शन, क्षायिक दान आदि पाँच लब्धि, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय ज्ञान, कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान, चक्षु, अचक्षु अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक चारित्र (सराग चारित्र), संयमासंयम, मनुष्यगति, क्रोध मान, माया, लोभ चार कषाय, मिथ्यात्व, अज्ञान, असंयम, असिद्धत्व, कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, स्त्रीलिंग पुल्लिंग नपुंसक लिंग, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व। प्रथम गुणस्थान से लेकर सभी चौदह गुणस्थान पाये जाते हैं संदृष्टि निम्न प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	(2) (मिथ्यात्व, अभव्यत्व)	(31) (कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान चक्षु , अचक्षु दर्शन, क्षायोपशमिक पाँच लब्धि, मनुष्यगति, क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, नपुंसक लिंग, कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, मिथ्यात्व, असंयम असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व)	(19) (औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र, केवलज्ञान, केवल दर्शन, क्षायिक पाँच लब्धि, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्यय ज्ञान, अवधि दर्शन, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक चारित्र, संयमासंयम)
सासादन	(3) कुज्ञान 3	(29) (उपरोक्त 31भावों में से मिथ्यात्व एवं अभव्यत्व को कम करने पर शेष 29 भाव रहते हैं ।)	(21) (उपरोक्त 19 भावो में मिथ्यात्व एवं अभव्यत्व को जोड़ने पर 21 भाव हो जाते हैं ।)
मिश्र	(0)	(30) (चक्षु अचक्षु अवधि दर्शन क्षयोपशमिक पाँच लब्धि, मनुष्य गति, क्रोध, मान, माया, लोभ चार कषाय, स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, नपुंसक लिंग, कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल लेश्या, असंयम, असिद्धत्व, अज्ञान, जीवत्व, भव्यत्व, 3 मिश्र ज्ञान)	(20)(उपशम सम्यक्त्व, उपशम चारित्र, क्षायिक पाँच लब्धि, केवल ज्ञान, केवल दर्शन, क्षायिक सम्यक्त्व क्षायिक चारित्र, मति श्रुत, अवधि, मनः पर्यय ज्ञान, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायो. चारित्र, संयमासंयम, मिथ्यात्व - 3 मिश्र ज्ञान + 3 कुज्ञान)

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
अविरत	(4) (अशुभ लेश्या 3, असंयम)	23(सम्यक्त्व 3, ज्ञान 3, दर्शन 3, क्षायोपशमिक लब्धि 5 मनुष्य गति, कषाय 4, लिंग 3, लेश्या 6, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व)	17 (औपशमिक चारित्र, क्षायिक 5 लब्धि, केवलज्ञान, केवलदर्शन, क्षायिक चारित्र, मनःपर्यय ज्ञान, कुज्ञान 3, सराग चारित्र, संयमासंयम, मिथ्यात्व, अभव्यत्व)
देशसंयत	(1)(संयमा-संयम)	30 (सम्यक्त्व 3, ज्ञान3, दर्शन3, क्षायो. लब्धि 5, मनुष्य गति, कषाय 4, लिंग 3, शुभ लेश्या3, संयमासंयम, अज्ञान असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व)	20 (औपशमिक चारित्र, क्षायिक भाव 8, कुज्ञान3, मनः पर्ययज्ञान, सराग, चारित्र, मिथ्यात्व, अशुभ लेश्या3, असंयम अभव्यत्व)
प्रमत्त संयत	0	(31) उपरोक्त 30 भावों में से संयमासंयम कम करके सरागचारित्र और मनःपर्यय ज्ञान जोड़ देवें ।	19 (उपशम चारित्र, क्षायिक भाव8, कुज्ञान3, संयमासंयम, मिथ्यात्व, अशुभ लेश्या3, असंयम, अभव्यत्व)
अप्रमत्त संयत	3 (क्षायो. सम्यकत्व, पीत पद्म लेश्या)	छठवें गुण. के समान	19 (पूर्वोक्त)

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
अपूर्व-करण	0	28 (उपर्युक्त 31- क्षायो. सम्यकत्व पीत पद्म, लेश्या),	22 (पूर्वोक्त 19+पीत, पद्म लेश्या, क्षायोपशमिक, सम्यक्त्व)
अनिवृत्ति करण सवेद भाग	3 (3 लिंग)	28 (उपर्युक्त)	22(उपर्युक्त)
अनिवृत्ति करण अवेद भाग	3 (क्रोध, मान माया तीन कषाय)	25 (उपर्युक्त 28- तीन लिंग)	25 (उपर्युक्त 25 - 3 वेद)
सूक्ष्म सांपराय	2 (लोभ, सराग चारित्र)	22 (उपर्युक्त 25 - क्रोध, मान, माया)	28 (25 पूर्वोक्त + क्रोध, मान माया)
उपशांत मोह	2 (औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र)	21 (उपर्युक्त 22- सराग चारित्र, लोभ कषाय + औपशमिक चारित्र)	29 (क्षायिक भाव 8, कुज्ञान3, क्षायोपशिमक सम्यक्त्व, सरागसंयम, संयमासंयम, कषाय चार, लिंग 3, मिथ्यात्व, असंयम, लेश्या 5, अभव्यत्व)

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
क्षीण मोह	13 (मति आदि 4 ज्ञान, चक्षु आदि 3 दर्शन, क्षायोपशमिक 5 लब्धि, अज्ञान)	20 (क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिकचारित्र, मति आदि 4 ज्ञान, चक्षु आदि 3 दर्शन, क्षायोपशमिक 5 लब्धि, मनुष्य गति, शुक्ल लेश्या, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व	30 (उपर्युक्त 29 - क्षायिक चारित्र + औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र)
सयोग केवली	1(शुक्ल लेश्या)	14 (क्षायिक भाव 9, मनुष्य गति, असिद्धत्व, शुक्ल लेश्या, जीवत्व, भव्यत्व)	36 (औपशमिक भाव 2, क्षायोपशमिक भाव 18, कषाय 4, मिथ्यात्व, असंयम, कृष्णादि लेश्या 5 अज्ञान, अभव्यत्व, लिंग 3)
अयोग केवली	8 (क्षायिक दानादि चार लब्धि, क्षायिक चारित्र, मनुष्यगति, असिद्धत्व, भव्यत्व)	13 (उपर्युक्त 14 - शुक्ल लेश्या)	37 (उपर्युक्त 36+शुक्ल लेश्या)

संदृष्टि नं. 20

निर्वृत्य पर्याप्त मनुष्य भाव (45)

निर्वृत्यपर्याप्त मनुष्य के 53 भावों में से नरकगति, तिर्यञ्चगति, देवगति, उपशम सम्यक्त्व, उपशम चारित्र,विभंगावधिज्ञान, मनः पर्ययज्ञान, संयमासंयम भावो को छोड़कर शेष 45 भाव होते हैं । गुणस्थान-मिथ्यात्व, सासादन, असंयत प्रमत्त विरत एवं सयोग केवली ये पाँच पाये जाते हैं ।

संदृष्टि इस प्रकार है -

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	2(मिथ्यात्व, अभव्यत्व)	30 (कुज्ञान 2, दर्शन 2, क्षायोपशमिक लब्धि 5, मनुष्यगति, कषाय 4, लिंग 3, लेश्या 6,	15 (क्षायिक भाव 9, मति आदि 3 ज्ञान, अवधि दर्शन, क्षायो. सम्यक्त्व क्षयो, चारित्र)

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
		मिथ्यादर्शन, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणामिक भाव 3)	
सासादन	4 (कुज्ञान 2, स्त्री, नपुंसक वेद)	28 (उपर्युक्त 30- मिथ्यात्व, अभव्यत्व)	17 (उपर्युक्त 15 + मिथ्यात्व, अभव्यत्व)
अविरत	4 (असंयम, अशुभ लेश्या 3)	30 (ज्ञान 3,दर्शन 3, क्षायोपशमिक लब्धि 5, क्षयो. सम्यक्त्व क्षायिक सम्यक्त्व, मनुष्यगति, कषाय 4, पुल्लिंग, लेश्या 6, असंयम, अज्ञान,असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व)	15 (क्षायिक भाव 8, कुज्ञान 2, क्षयोपशमिक चारित्र स्त्री नपुंसक वेद, मिथ्यात्व, अभव्यत्व)
प्रमत्त विरत	21 (पीत, पद्म लेश्या,क्षायो. सम्यक्त्व, पुरुष वेद, कषाय 4, सराग चारित्र, आदिके ज्ञान 3, दर्शन 3, क्षायोपशमिक लब्धि 5, अज्ञान)	27 (ज्ञान 3, दर्शन 3, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व, सराग चारित्र, क्षायो. 5 लब्धि, मनुष्य गति, कषाय 4, पुल्लिंग, शुभ लेश्या 3, अज्ञान, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व)	18 (क्षायिक भाव 8, कुज्ञान 2, वेद 2, मिथ्यात्व, अभव्यत्व, अशुभ लेश्या 3, असंयम)
सयोग केवली	9 (शुक्ल लेश्या, आदि की क्षायिक 4 लब्धि, भव्यत्व, असिद्धत्व मनुष्यगति, क्षायिक चारित्र)	14 (क्षायिक भाव 9, मनुष्य गति, शुक्ल लेश्या, असिद्धत्व, जीवत्व, भव्यत्व)	31 (ज्ञान 3, कुज्ञान 2 दर्शन 3, सराग चारित्र, क्षयो. लब्धि 5 अज्ञान, वेद 3, लेश्या 5, कषाय 4, मिथ्यात्व, अभव्यत्व, असंयम, क्षयोपशम सम्यक्त्व)

लद्धिअपुण्णमणुस्से वामगुणट्ठाणभावमज्झिम्हि ।
थीपुंसिदरगदीतियसुहतियलेस्सा ण वेभंगो ॥ 63 ॥

लब्ध्यपूर्णमनुष्ये वामगुणस्थानभावमध्ये ।
स्त्रीपुंसितरगतित्रिकशुभत्रिकलेश्या न विभंगं ॥

अन्वयार्थ - (लद्धिअपुण्णमणुस्से) लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य के (वामगुणट्ठाणभावमज्झिम्हि) मिथ्यात्व गुणस्थान में होने वाले भावों के मध्य में (थीपुंसिदरगदीतियसुहतियलेस्सा) स्त्रीवेद, पुरुषवेद मनुष्यगति से अन्य तीन गतियाँ, तीन शुभलेश्याएँ, (वेभंगो) विभंगावधि ज्ञान (ण) नहीं होता है। विषय स्पष्टीकरण के लिए देखें संदृष्टि 23।

संदृष्टि नं. 21
लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य भाव (25)

लब्ध्यपर्याप्त अवस्था में मनुष्य के 25 भाव होते है जो इस प्रकार है कुज्ञान 2, दर्शन 2, क्षायोपशमिक लब्धि 5,मनुष्यगति, कषाय 4, नपुंसक वेद, अशुभ लेश्या 3, मिथ्यात्व, असंयम, अज्ञान, असिद्धत्व, पारिणमिक भाव 3 । गुणस्थान एक मिथ्यात्व ही होता है ।

गुणस्थान	भाव व्युच्छित्ति	भाव	अभाव
मिथ्यात्व	0	25 (उपर्युक्त)	0

मणुसुव्व दव्वभावित्थी पुंसंढ खाइया भावा ।
उवसमसरागचरणं मणपज्जवणाणमवि णत्थि ॥64॥

मनुष्यवद्द्रव्यभावस्त्रीषु पुंषण्ढ क्षायिका भावाः ।
उपशमसरागचरणं मनःपर्ययज्ञानमपि नास्ति ॥

अन्वयार्थ - (मणुसुव्व) मनुष्य के समान (दव्वभावित्थी) द्रव्य और भाव स्त्री वेदी में (पुंसंढ खाइया भावा) पुरुष वेद, नपुसंकवेद, नव क्षायिक भाव (उवसमसरागचरणं) उपशम चारित्र, सराग चारित्र (मणपज्जवणाणमवि) मनः पर्यय ज्ञान (णत्थि) नहीं होता है।

भावार्थ -सामान्य मनुष्य में जो 50 भावों का सद्भाव बतलाया गया है, वे सभी भाव द्रव्यस्त्री एवं भावस्त्री में जानना चाहिए किन्तु विशेषता यह है

कि द्रव्य एवं भावस्त्री में पुरुषवेद, नपुंसकवेद, क्षायिक भाव, उपशम चारित्र, सराग चारित्र और मनः पर्यय ज्ञान नहीं पाया जाता है।

इस गाथा का कथन द्रव्य स्त्रीवेद की अपेक्षा समझना है क्योंकि भावस्त्री वेदी के सराग चारित्र होने का निषेध नहीं है तथा भावस्त्री वेदी के क्षायिक भाव के नौ भेदों में से क्षायिक सम्यक्त्व भी हो सकता है। गाथा में आगत भावस्त्री शब्द विचारणीय है।

तासिमपज्जत्तीणं वेभंगं णत्थि मिच्छ गुणठाणे ।
सासादणगुणठाणे पवट्टणं होदि नियमेण ॥ 65 ॥

तासामपर्याप्तीनां विभंगं नास्ति मिथ्यात्वगुणस्थाने ।
सासादनगुणस्थाने प्रवर्तनं भवति नियमेन ॥

